
वर्ष-3, अंक-221
इन्दौर, शनिवार
9 नवम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

### चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

राहुल गांधी का भाजपा पर हमला

# BJP की विचारधारा के कारण जला मणिपुर



**रांची (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज झारखंड के सिमडेगा में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि मैं आपको मणिपुर के बारे में बताता हूं। भाजपा ने मणिपुर को जला दिया और आज तक, भारत के प्रधान मंत्री ने वहां का दौरा नहीं किया है। इसका मतलब है कि उन्होंने इस बात को मान लिया है कि मणिपुर जैसा कोई राज्य नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा के कारण मणिपुर जला। राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि अगर यह देश चले, तो 90त्न लोग इस देश को चलाएं और बीजेपी चाहती है कि देश को 2-3 लोग चलाएं- पीएम नरेंद्र मोदी, एचएम अमित शाह, अंबानी और अडानी - और पूरे देश की संपत्ति, चाहे आपकी ज़मीन हो, चाहे जंगल हो - सब आपसे छीन लिया जाएगा और इन 10-15 बड़े अरबपतियों को दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है। उनमें आपको एक भी आदिवासी, दलित या पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। जब हम कहते हैं कि किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए तो वो कहते हैं कि देखो राहुल गांधी किसानों की आदत खराब कर रहे हैं। जब आपने उनका कर्ज माफ किया तो क्या आपने उनकी आदतें खराब नहीं कर दीं? राहुल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि ये दलित और अल्पसंख्यकों के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की कोई भागीदारी नहीं है। देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग के लोग सक्षम हैं। आप में कोई कमी नहीं है। आप हर तरह का काम कर सकते हैं, लेकिन आपके रास्ते को रोका जाता है। मैंने संसद में जातिगत जनगणना की बात उठाई तो नरेंद्र मोदी चुप हो गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जहां भी जाते हैं, वो एक भाई को दूसरे भाई से, एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। इसलिए हमने भारत जोड़ो यात्रा की।

AMU अल्पसंख्यक दर्जे पर नई बेंच फैसला करेगी

# सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का फैसला पलटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) के अल्पसंख्यक दर्जे पर फैसला अब 3 जजों की नई बेंच करेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने 4:3 के बहुमत से 1967 के अपने ही फैसले को पलट दिया। 1967 में सुप्रीम कोर्ट ने अजीज बाशा बनाम केंद्र सरकार के केस में कहा था कि केंद्रीय कानूनों के तहत बना संस्थान अल्पसंख्यक संस्थान का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा था कि,रू सेंट्रल यूनिवर्सिटी है। इसकी स्थापना न तो अल्पसंख्यकों ने की थी और न ही उसका संचालन किया था। 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई संस्थान सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक का दर्जा नहीं खो सकता, क्योंकि उसे केंद्रीय कानून के तहत बनाया गया है। अब नई बेंच यह फैसला करेगी कि ,रूअल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं। CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने 3 जजों की नई बेंच को निर्देश दिया कि इस बात की जांच करे कि इस यूनिवर्सिटी की स्थापना किसने की, इसके पीछे किसका दिमाग था। अगर यह सामने आता है कि इसके पीछे अल्पसंख्यक समुदाय था, तो आर्टिकल 30 के तहत AMU अल्पसंख्यक दर्जे का दावा कर सकती है।

# सोपोर एनकाउंटर में 2 आतंकी ढेर



**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला के सोपोर में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया है। हालांकि, अभी इनके शव बरामद नहीं हुए हैं। सेना सगीपोरा और पानीपोरा में सर्च ऑपरेशन चला रही है। सोपोर के इन इलाकों में गुरुवार रात से एनकाउंटर जारी है। यहां 2-3 आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इससे पहले, गुरुवार को किश्तवाड़ के अधवारी इलाके में आतंकियों ने 2 विलेज डिफेंस गार्ड्स की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मुंजला धार जंगल में मवेशियों को चराने गए विलेज डिफेंस गार्ड को आतंकियों ने किडनैप किया और उन्हें गोली मार दी। मृतकों की पहचान ओहली-कुंतवाड़ा के विलेज डिफेंस गार्ड नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के रूप में हुई है।

## मिजोरम में विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा जब्त किया गया

**मिजोरम (एजेंसी)।** वाहन की गहन जांच में 9,600 जिलेटिनछड़ें, 9,400 डेटोनेटर और 1,800 मीटर से अधिक 'कॉर्डटेक्स' बरामद किए गए। बयान में कहा गया कि दोनों आरोपियों और बरामद सामान को मिजोरम पुलिस को सौंप दिया गया है। असम राइफल्स ने मिजोरम पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स के बयान में बताया गया कि विशेष खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त बलों ने सेरछिप-थेनजोल मार्ग पर वाहनों की जांच के लिए एक चल जांच चौकी स्थापित की और इस दौरान उन्होंने बुधवार को एक वाहन को रोका।

योगी के बंटेंगे तो कटेंगे के बयान से अजित पवार ने दूरी बनाई बोल

# महाराष्ट्र में ये सब नहीं चलेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान से स्पष्ट रूप से दूरी बना ली है।



महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ ने यह बयान दिया था, जो सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देने वाला माना गया है। पवार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महाराष्ट्र हमेशा से सांप्रदायिक एकता का पक्षधर रहा है और यहां के लोग इस भावना को बनाए रखने पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की तुलना किसी अन्य प्रदेश से करना उचित नहीं है, क्योंकि यहां के लोग छत्रपति शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फुले, और बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों पर चलते हैं, जो समानता और सामाजिक न्याय का संदेश देते हैं। अजित पवार ने कहा कि बाहरी नेता आकर इस तरह के बयान देते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के लोग ऐसी सांप्रदायिक सोच को नहीं अपनाते। उन्होंने बिना योगी आदित्यनाथ का नाम लिए कहा कि बाहरी लोग महाराष्ट्र की तुलना अन्य प्रदेशों से करके यहां सांप्रदायिक मुद्दों को उभारने की कोशिश करते हैं, जो महाराष्ट्र की संस्कृति के खिलाफ है। साथ ही, अजित पवार ने अपने पार्टी के उम्मीदवार नवाब मलिक का समर्थन दोहराया। मलिक को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था और वे फिलहाल जमानत पर हैं। वह मानखुर्द-शिवाजीनगर सीट से उम्मीदवार हैं।

## दक्षिणी केरल में भारी बारिश

**कोलकाता (एजेंसी)।** इसके अलावा अलपुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और इडुक्की जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया। 'ऑरेंज अलर्ट' बहुत भारी बारिश (छह सेमी से 20 सेमी) जबकि 'येलो अलर्ट' छह से 11 सेमी तक वर्षा दर्शाता है। दक्षिणी केरल के कई हिस्सों में शुक्रवार को बारिश होने के बाद भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के तीन जिलों के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम और पथानामथिट्टा जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। इसके अलावा अलपुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और इडुक्की जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया। 'ऑरेंज अलर्ट' बहुत भारी बारिश (छह सेमी से 20 सेमी) जबकि 'येलो अलर्ट' छह से 11 सेमी तक वर्षा दर्शाता है।

हाथ जोड़ते वक्त पूरी गर्दन भी झुका ली..

# आज से मैं न्याय नहीं दे पाऊंगा

## लास्ट वर्किंग डे पर CJI चंद्रचूड़ का भावुक विदाई संदेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 9 नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण करने वाले मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अपना दो साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद न्यायिक सेवा को अलविदा कह दिया। उन्होंने पिछली शाम अपने रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल के साथ एक हल्के-फुल्के पल को याद किया और साझा किया। 8 नवंबर, भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल का अंतिम दिन था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में औपचारिक विदाई दी गई। अपने अंतिम कार्य दिवस पर डीवाई चंद्रचूड़ ने कृतज्ञता और विनम्रता के साथ अपनी न्यायिक यात्रा पर विचार साझा किया।

## देवरिया में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**देवरिया।** पुलिस के अनुसार, बाइक पर आए तीन अज्ञात हमलावरों ने प्रॉपर्टी डीलर निहाल सिंह के सिर पर गोली मारी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि निहाल के गिरने के बाद हमलावरों ने दो और गोलियां चलाईं और फिर घटनास्थल से भाग गए। देवरिया जिले में जद्दू परसिया पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल पर जा रहे 26 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर की बृहस्पतिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।



## पुरुष दर्जी महिलाओं का नाप नहीं लेंगे

**लखनऊ (एजेंसी)।** राज्य महिला आयोग ने महिलाओं की सुरक्षा में सुधार के लिए उपाय प्रस्तावित किए हैं। महिलाओं को बुरे स्पर्श से बचाने की पहल करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने प्रस्ताव दिया है कि पुरुषों को न तो महिलाओं के लिए कपड़े सिलने चाहिए और न ही महिलाओं के बाल काटने चाहिए। 28 अक्टूबर को हुई बैठक के बाद पुरुषों को महिलाओं का नाप लेने से रोकने और सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित कई अन्य सुझाव सामने रखे गए।

पावागढ़ स्थित महाकाली मंदिर से चुराए गए

# 78 लाख के सोने के हार और दो सोने के मुकुट बरामद





**पावागढ़ से मनोज उपाध्याय।**

पंचमहल जिला पुलिस ने पिछले महीने अति प्राचीन मंदिर पावागढ़ स्थित महाकाली मंदिर में गत दिनों लाखो रूपये की हुई चोरी के सिलसिले में पंचमहाल पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस ने मंदिर से चुराए गए छह सोने के हार और दो सोने के मुकुट बरामद किए हैं, जिनकी कीमत 78 लाख है।

### लाखो की चोरी

यह घटना 28 अक्टूबर को सुबह करीब 1:30 बजे हुई, जब घुसपैठिया पावागढ़ पर्वत की खड़ी चढ़ाई चढ़कर मंदिर में पहुंचा और परिसर में पहुंचने के लिए पाइप का इस्तेमाल किया। उसने कथित तौर पर मंदिर के दरवाजे के ऊपर बने वेंटिलेशन छेद से अंदर घुसने की कोशिश की। सूरत जिले के उमरपाड़ा तालुका के नसरपुर निवासी आरोपी विदुर चंद्रसिंह वसावा ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि यह उसकी पहली चोरी थी। हालांकि, जिस तरह से वह औजारों के साथ मंदिर में घुसा, उससे पता चलता है कि यह पूरी तरह से योजनाबद्ध था।

### पचमहाल पुलिस की गिरफ्त मे चोर

जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु सोलंकी ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि छह हार और दो मुकुट चोरी होने की शिकायत के बाद, जिले के एलसीबी, एसओजी और अन्य पुलिस थानों की छह से सात टीमों को शामिल करते हुए गहन जांच शुरू की गई।

धुले में पीएम मोदी ने कसा विपक्ष पर तंज

# महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक हैं

**मुंबई (एजेंसी)।**



महाराष्ट्र में अब चुनाव प्रचार तेज होता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धुले में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, महाराष्ट्र के लोगों ने दिल खोलकर मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं आपके बीच यहां धुले आया था। उन्होंने कहा कि मैंने आपसे महाराष्ट्र में भाजपा सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने महाराष्ट्र में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर भाजपा को अभूतपूर्व जीत दिलाई थी। आज मैं एक बार फिर यहां धुले की धरती पर आया हूं। धुले से ही मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियान की शुरुआत कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि ये जनसमूह, ये उत्साह, ये उमंग वाकई अभिभूत कर देते हैं। हम सभी को, भाजपा को महायुति को, महायुति के एक-एक उम्मीदवार को आपका आशीर्वाद चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पिछले 2.5 वर्षों में महाराष्ट्र के विकास को जो गति मिली है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्ष महाराष्ट्र की प्रगति को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। महाराष्ट्र को जो सुशासन चाहिए, वो सिर्फ महायुति की सरकार ही दे सकती है। दूसरी तरफ देखिए, महाअघाड़ी की गाड़ी में वैसे भी न पहिए हैं, न ब्रेक हैं और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए भी झगड़ा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में आने पर हर किसी का अपना एक लक्ष्य होता है। हम जैसे लोग जनता को ईश्वर का रूप मानते हैं, जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। वहीं कुछ लोगों की राजनीति का आधार है लोगों को लूटना। जब लोगों को लूटने की नीयत वाले महाअघाड़ी जैसे लोग सरकार में आ जाते हैं तो वो विकास ठप्प कर देते हैं।

# संपादकीय

## यूपी के बुलडोजर राज पर सुप्रीम कोर्ट का हथौड़ा



*सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर राज पर कड़ा प्रहार किया है। अवैध अतिक्रमण के नाम पर मकान गिराने पर 25 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने फैसले में कहा, बुलडोजर कार्रवाई करने के पहले मामले की गहन जांच किये जाने की जरूरत है। जितना अतिक्रमण था, उसे हटाने के स्थान पर पूरा मकान क्यों गिराया गया। बुलडोजर कार्यवाही पूरी तरह से निरंकुश और कानून के अधिकार के बिना जिन अधिकारियों द्वारा की गई है उनकी जांच एक माह के अंदर करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेवी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा, रातों-रात इस तरह से घरों पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता है। पुश्तैनी मकान को अतिक्रमण मानकर अधिकारियों ने तोड़ दिया। यह अराजकता का सबसे बड़ा उदाहरण है। याचिकाकर्ता मनोज टिबरेवाल ने पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश की सरकार से जवाब मांगा था। सरकार ने अपने उत्तर में कहा था, कि सड़क चौड़ी करने के लिए यह कार्रवाई की गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है, कि सड़क चौड़ी करने के लिए भूमि की आवश्यकता थी, तो इसका अधिग्रहण किया जाना चाहिए था। जिस जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, उसका मुआवजा देना चाहिए था। किसी के स्वामित्व की जमीन को अतिक्रमण मानकर तोड़ना पूरी तरह से अवैधानिक है। यह एक तरह का अपराध भी है। सुप्रीम कोर्ट नाराजगी जताते हुए कहा, अतिक्रमण हटाने के मामले में उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में अतिक्रमण हटाने के संबंध में सभी राज्यों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि नक्से के हिसाब से पहले सर्वेक्षण और सीमांकन का कार्य किया जाए। अतिक्रमण होने पर अतिक्रमणधारी को नोटिस जारी किया जाए। अतिक्रमणधारी उस नोटिस पर कोई आपत्ति करता है तो उसकी विधिवत सुनवाई की जाए। आपत्ति का निपटारा होने के बाद, पुनः अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया जाए। यदि अतिक्रमणधारी खुद अपना अतिक्रमण नहीं हटाता है। किसी अदालत द्वारा अतिक्रमण हटाने पर रोक नहीं लगाई गई है। उसके बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को वैध ठहराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों के लिए यह निर्देश जारी करते हुए, बुलडोजर की कार्यवाही पर एक तरह से अंकुश लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एक माह के अंदर जिम्मेदार अधिकारियों पर, जिन्होंने बुलडोजर के माध्यम से अवैध कार्रवाई की है।*

## कहानी

## मुझे चैन से मरने दो

मैं आज सुबह-सुबह अपने घर के छत पर टहल रह था,तभी देखा उसरी नदी में बाढ़ आ गई है। बरसात का दिन था,नदी के उस ओर कुछ विद्यार्थी विद्यालय जाना छोड़ स्नान का आनंद लेने के लिए आए थे।मुझे अपना विद्यार्थी जीवन याद आ गई थी। नदी स्नान का आनंद इसी तरह लिया करते थे। बच्चे स्नान कर रहे थे,आनंद ले रहे थे।तभी अचानक बच्चे बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे।मैं हड़बड़ा गया,मुझे लगा कोई स्नान करते हुए बह गया है।तुरन्त नदी की तरफ लपका।पत्नी चिल्लाई,अजी!कहाँ जा रहे हैं जी? मैं भागते हुए बोला, नदी में कोई बच्चा बह गया है, उसे बचाने जा रहा हूँ।अरे!आप डायबिटीज के मरीज हैं,अभी नाश्ता भी नहीं किए हैं और चले बच्चा बचाने, कुछ सुनते क्यों नहीं जी?अरी! भगवान,तुम हमेशा मुझे रोकती-टोकती रहती हो।अभी किसी की जान बचाने की बात है,मुझे जाने दो....इतना बोलते-बोलते मैं निकल गया।बाहर नदी किनारे भीड़ इक्कठी हो गई थी,सभी चिल्ला रहे थे पर नदी में कूद उस बच्चे को बचाने की कोशिश कोई नहीं कर रहा था।मैंने गमछा अपने सिर पर बाँधा और छपाक से नदी में कूद गया,बच्चे को बचाने के लिए।मैं तेजी से तैरने लगा और जल्द ही बच्चे के नज़दीक पहुँच गया।पहले अपने सिर पर बाँधे गमछे को उसे पकड़ने के लिए दिया,बोला, बेटा परेशान मत हो,मैं आ गया हूँ तुझे कुछ न होने दूँगा तुम देश के भविष्य हो,डरना मत।पर बच्चा हताश हो गया था बहुत पानी पी चुका था।मैं उसके नजदीक जा उसे अपने पीठ पर ले लिया और तैरते हुए किनारे की तरफ जाने लगा।बच्चा डरा हुआ था उसने जोर से मेरी गर्दन को पकड़ कर खुद को बचाने लगा।किनारा दूर होने की वजह से तथा अधिक तैरने की वजह से मैं बहुत थक चुका था।आगे रेलवे पुल के पास लोगों ने हम दोनों को निकाला।बच्चा बच गया था और मैं लाश बन चुका था। आँगन में मेरी लाश रखी गई।पत्नी रो-रोकर कह रही थी,अगर आप मेरी बात मान लिए होते तो आज मैं विधवा नहीं होती।हे!भगवान आपने मेरे साथ यह क्या किया? पत्नी की चीत्कार सुनकर मुझसे मरा नहीं जा रहा था।मैं कुछ देर के लिए उठा और कहा,अरी भाग्यवान कम-से-कम अब तो मुझे चैन से मरने दो।मैंने किसी की जान बचाकर खुद को मुक्त किया है, अब तुम भी मुझे मुक्त करो।और मैं पुनः मर गया।

**महेश अमन**
**रंगकर्मी सह कवि**
**गिरिडीह झारखण्ड**

# हरियाणा जैसी क्विक रिकवरी चाहिए तो हरियाणा जैसा प्रिकॉशन' भी जरूरी

लोकसभा चुनाव में बैकफुट पर रही भाजपा का हरियाणा विधानसभा चुनाव में फ्रंटफुट पर लौटना किसी बड़े आश्चर्य से कम नहीं रहा है। लोकसभा चुनाव में एमरजेंसी मोड तक जा पहुंची भाजपा को हरियाणा की जीत ने ग्लूकोस ' का काम किया। जो डायग्नोस ' और ट्रीटमेंट ' हरियाणा में कामयाब रहा, उसे अक्षरतः लागू कर सेंट्रल लीडरशिप महाराष्ट्र में भाजपा को फिर से सत्ता में लाना चाहती है। महाराष्ट्र और हरियाणा के हालात और राजनैतिक समीकरण में दिन-रात का अंतर है। ऐसे में हरियाणा जैसी क्विक रिकवरी चाहिए तो हरियाणा जैसा प्रिकॉशन' (सावधानी) भी जरूरी है। सीधी सी बात है हरियाणा जैसा रिजल्ट चाहिए तो पहले हरियाणा जैसा बनना होगा। महाराष्ट्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है और क्षेत्रफल के हिसाब से तीसरा। यह देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक और औद्योगिक केंद्रों में से एक है। यहां 20 नवंबर को मतदान होना है। परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे। करीबन पौने दस करोड़ वोटर्स अपनी सरकार चुनेंगे। महाराष्ट्र में कुल 288 विधानसभा सीटें हैं। यहां महाविकास अघाड़ी और महायुति' के बीच सीधी टक्कर है। वर्तमान में सत्ताधारी महायुति ' के पास 218 सीटें हैं। इस गठबंधन में भाजपा, शिवसेना, एनसीपी (अजित पवार), बीवीए, पीजेपी, मनसे, आरएशपी, पीडब्ल्यूपीआई, जेएसएस शामिल हैं। इन सभी दलों को मिलाकर जो गठबंधन बना है उसे ही महायुति ' नाम दिया गया है। दूसरी तरफ महाविकास अघाड़ी के पास इस चुनाव से पहले 77 सीट हैं। वर्तमान में विपक्ष की भूमिका निभा रहे इस गठबंधन में में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), शिवसेना (उद्धव ठाकरे), माकपा, एसडब्ल्यूपी शामिल हैं। इस गठबंधन को महाविकास अघाड़ी का नाम दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी इस बार के विधानसभा चुनाव में यहां हरियाणा जैसे हिट फार्मूले से सत्ता वापसी चाह रही है। जो इतना सहज और सरल नहीं है। सत्ता के समीकरण को जानने से पहले हरियाणा और महाराष्ट्र की राजनैतिक स्थिति और माहौल को जानना भी जरूरी है। हरियाणा में कुल 90 सीटें है तो यहां तीन गुना से भी 18 सीटें अधिक है। ऐसे में यहां हरियाणा जितनी मेहनत से काम नहीं चलने वाला। यहां हरियाणा से तीन गुना अधिक मेहनत करनी होगी।



महाराष्ट्र में अक्टूबर 2019 में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला था। बड़ी पार्टी होने के बावजूद भाजपा फिर भी सत्तालाभ प्राप्त नहीं कर पाई। वैचारिक मतभेद के चलते शिवसेना ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ नया गठबंधन बनाकर राय सरकार बनाई। इसमें उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। तीन वर्ष बाद 2022 में हुई एक नई उठापटक में एकनाथ शिंदे ने 40 विधायकों के साथ बीजेपी के साथ सरकार बनाई। 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजीत पवार गुट भी सरकार में शामिल हो गया। पिछले पांच वर्ष में यहां तीन मुख्यमंत्री बने। दूसरी तरफ हरियाणा में भाजपा फ्री हैंड रही। 2019 में भले ही भाजपा को बहुमत से 6 सीट दूर रहने पर जेजेपी का सहारा लेना पड़ा हो। पर यहां स्थिति महाराष्ट्र की तरह नहीं रही। साढ़े 4 साल तक सरकार बिना किसी रुकावट के चलती रही। लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलकर एक तरफ भाजपा ने जेजेपी से किनारा किया, वहीं नायब सिंह सैनी के रूप में नया चेहरा देकर सबको चौका दिया। बात हालिया चुनाव की हो तो यहां भी हरियाणा महाराष्ट्र से इतर है। महाराष्ट्र में भाजपा अकेली मजबूत नहीं है यहां उसे शिवसेना, एनसीपी (अजित पवार), बीवीए, पीजेपी, मनसे, आरएशपी, पीडब्ल्यूपीआई, जेएसएस के साथ मिलकर महायुति ' गठबंधन बनाना पड़ा है। दूसरी तरफ हरियाणा में भाजपा ने इस बार बिना किसी का साथ लिए अपने दम पर चुनाव लड़ा है। और कामयाबी भी पाई है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि हरियाणा में भाजपा के सामने सीधी टक्कर में कांग्रेस में थी, जबकि महाराष्ट्र में भाजपा का अपने महायुति ' और विपक्ष के महाविकास अघाड़ी गठबंधन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष से मुकाबला है। ऐसे में गठबंधन की शर्तों में बंधी होने के कारण भाजपा यहां 148 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है, जबकि एकछत्र राज के लिए 288 सीटों में 145 सीटों को जीतना जरूरी है। ऐसे में भाजपा यहां सबसे बड़ी पार्टी भी उभरकर कर भी आती है तो समर्थन तो लेना पड़ेगा, जबकि हरियाणा में भाजपा ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा और 48 सीटों पर विजय पाकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया।

जितना कहना आसान होता है, उसे यथार्थ में लाना उससे कई गुणा अधिक कठिन होता है। भाजपा को महाराष्ट्र में सत्ता चाहिए तो उसे हरियाणा के हिट फार्मूले को सिर्फ बातों में नहीं यथार्थ में भी लागू करना होगा। सबसे पहले विपक्ष को नेरेटिव बनाने से रोकना होगा। आज के चुनावों में नेरेटिव की बहुत बड़ी भूमिका रहती है। लोकसभा चुनाव में संविधान में बदलाव की कोशिश और आरक्षण के मसले पर विपक्ष भाजपा के खिलाफ नेरेटिव बनाने में काफी हद तक कामयाब रहा था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूरी सतर्कता बरती। विपक्ष को नेरेटिव बनाने का मौका ही नहीं दिया। अपितु के आग्नेय शस्त्रों को ब्रह्मास्त्र की तरह उन्हीं पर वापस चलवा दिया। भाजपा को महाराष्ट्र में भी इस पर पूरा काम करना होगा। दूसरी तरफ हरियाणा भाजपा ने हथियार भी विपक्ष के इस्तेमाल किए। प्रत्येक राजनैतिक दल में आपस में ही सत्ता को लेकर नाराजगी वाले नेता जरूर होते हैं। हरियाणा में तो यह किसी से छिपा भी नहीं है। कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा की नाराजगी को भी भाजपा ने खूब भुनाया। पार्टी तक में शामिल होने का न्योता दे दिया। अनुसूचित जाति समुदाय से लगातार संपर्क रख वोट हासिल करने में कामयाबी पाई। महाराष्ट्र में भी इस तरह के समीकरण को भाजपा यहां भुना सकती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ओवर कॉन्फिडेंस में थी। एक एक वोटर तक पहुंच नहीं हो पाई। इसका खामियाजा चुनाव में भुगतना पड़ा। चुनाव के बाद जब वोटिंग परसेंटेज की समीक्षा की गई तो सामने आया कि हर पोलिंग बूथ में बहुत से ऐसे लोग रहे जो वोट देने नहीं गए। अधिकांश भाजपा समर्थक थे। इस पर उसी समय से ध्यान दिया गया कि सबसे पहले एक-एक पोलिंग बूथ को मजबूत किया जाए। प्रयास रहे कि भाजपा का एक-एक वोटर पोलिंग बूथ तक वोट जरूर लाया जाए। गांवों के बूथों पर भी कार्यकर्ताओं को इस बारे स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे। ठीक यही स्थिति भाजपा ने महाराष्ट्र में मानी। ऐसे में विधानसभा चुनाव के लिए इस बार बूथ वाइज वोटर्स पर खासकर भाजपा की नजर है। हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारी करते वक्त हर विधानसभा सीट पर बीजेपी की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया गया था। यहां उन सीटों पर ज्यादा फिक्स किया गया, जहां भाजपा जीत या जीत के करीब थी। महाराष्ट्र में भी भाजपा को हरियाणा के इस फार्मूले को लागू करना होगा। सबसे आखिर और भाजपा की अप्रत्याशित जीत के कर्णधार आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की ताकत को भी महाराष्ट्र में पूरा प्रयोग करना होगा। हरियाणा की जीत में जो हिट फार्मूला बार-बार चर्चा में है। उस हिट फार्मूले को यथार्थ में लाने का श्रेय संघ परिवार को ही है। सरकार विरोधी लहर के बावजूद बिना झंडे और बिना बैनर पर्दे के पीछे रहकर कामयाबी का नया इतिहास लिखने में संघ के योगदान को भाजपा ने स्वीकारा भी है। माइक, मंच, माला,माया और मीडिया से दूर रहकर संघ ने जो किया, उसे महाराष्ट्र में भी किया जा सकता है। हरियाणा की टीम का अनुभव के मामले में महाराष्ट्र में सदुपयोग किया गया तो इसका फायदा मिलना स्वाभाविक है। भाजपा को महाराष्ट्र में भी हरियाणा जैसी हिट मिले, इन्हीं उम्मीदों के साथ यूसुफ़ बहजाद की इन पंक्तियों के साथ लेख का समापन करता हूं :-

कुछ ऐसे सिलसिले भी चले
ज़िंदगी के साथ
कड़ियां मिलीं जो उनकी,तो
ज़ंजीर बन गए।



**सुशील कुमार 'नवीन' हिसार**
**96717 26237**

# लूटनेवाले जादूगर



समय समय की बात है। पुराने युग के लुटेरे लोगों को लूटने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते थे। पिंडारी ठगी करते तो डाकू डाका डालते थे और चोरों का काम था ही चोरी करना। ये लोग पैसे के लिए लोगों की जान लेने में भी नहीं हिचकिचाते थे। चोरी और ठगी की तरह छिपकर नहीं, डकैती आमने-सामने ताल ठोककर डाली जाती थी जिसमें हिम्मत के साथ जान हथेली पर रखे रहने की शर्त भी हुआ करती थी इसलिए उनकी दुष्टता के साथ बहादुरी के क़िस्से भी सुने और सुनाए जाते थे। लंबे समय तक डाकू अपने पेशे की इज्जत और दौलत कमाने के लिए कड़ी मेहनत का उदाहरण पेश करते हुए डाका डालने जाते रहे। फिर ऑनलाइन घर पहुँच सेवा की प्रारंभिक फिलॉसफी का ईजाद करनेवाले होशियार डाकुओं ने चिट्ठी भेजकर नियत जगहों पर पैसा बुलाने की मुहिम शुरू की जो कालांतर में खूब सफल रही। जब डर के मारे पैसेवाले सरेंडर करने के लिए मरे जा रहे हों तो लुटेरे अनावश्यक मेहनत क्यों करें भला? एक जमाना वह भी था जब अलीबाबा के हाथ पासवर्ड 'खुल जा सिम सिम' लग गया तो उसने खजाने का दरवाजा खोलकर चालीस चोरों का पूरा धन लूट लिया। चालीस की मेहनत पर एक ओटीपी कहें या पासवर्ड ने पानी फेर दिया। मतलब साफ है, चोरों के घर चोरी, टेक्नोलॉजी की सहायता से पहले भी संभव थी।

अब लूट का लेटेस्ट तरीका आ गया है, डिजिटल अरेस्ट। न लुटेरे कहीं आएँगे, न लुटनेवाला कहीं जाएगा, स्मार्टफोन की स्मार्टनेस अपना काम करेगी। भय का इतना भयंकर भूत खड़ा किया जाता है कि लुटनेवाला डर के मारे उस पर अपनी कमाई, चाहे वह गाढ़े पसीने की हो या हराम की, न्योछावर करने को तैयार हो जाता है। यह सहूलियत संभव हो सकी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से। एआई सिर्फ नाम की आर्टिफिशियल है, उसके जरिए लूट असली पैसों की होती है। यह विधि पूरी तरह से निरापद और फूलप्रूफ है। किसी के साथ हिंसा नहीं होती, जान जाना तो दूर, हाथ-पैरों में चोट क्या खरोंच भी नहीं आती। जब सचमुच का आमना-सामना नहीं होगा, तो हाथापाई कैसे होगी? केवल अभिनय क्षमता, संवाद अदायगी और वास्तविकता का भ्रम पैदा करनेवाले सेट की गुणवत्ता से मामला बन जाता है। फिल्मों में और क्या होता है ? सत्तर किलो के हीरो को नब्बे किलो के विलेन को एक घूँसा मारकर हवा में दस फीट उछलकर दस कुलाँटी खिलाते देख, खुश होनेवाले लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हथियार से लुट जाएँ, इसमें ताज्जुब कैसा? पैसा चला जाए, कोई बात नहीं। पैसा तो हाथ का मैल है। जान है तो जहान रहेगा और शरीर भी। शरीर रहा तो मैल फिर जमा हो जाएगा। वैसे भी, जान बची कि लाखों पाए का सिद्धांत सबने सुना ही है। जान बड़ी बात है, लोग तो बदनामी से बचने के लिए भी लुटने को तैयार हो जाते हैं। पता नहीं ऐसे लोग मशहूर शायर नवाब मुस्तफा खां शेफ्ता के लोकप्रिय शेर को क्यों भूल जाते हैं कि 'हम तालिब-ए-शोहरत हैं हमें नंग से क्या काम, बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा?' अब यह लोगों पर निर्भर है कि वे बदनामी के रास्ते नाम कमाना चाहते हैं या जेब हल्की करना! सबकी अपनी अपनी पसंद होती है।

विशेषज्ञों की सलाह है कि मोबाइल फोन से आती आवाजों से डरें नहीं, हिम्मत, धीरज, विवेक से काम लें। लेकिन इन तीनों से काम लेना आसान है क्या? इनको नियंत्रित कर सकती है बुद्धि, जो अक्सर सठिया जाती है। यदि अक्ल से काम लेने की सोच रहे हों तो उसे अपने पास रोके रहने का इंतजाम कर लें, वरना ऐन वक्त पर वह घास चरने कहीं चली गई तो क्या होगा? इस तरह की घसियारी बातें ही लुटने-पिटने के फलने-फूलने का मैदान तैयार करती हैं। इसलिए, बेमतलब बातें छोड़ काम की चर्चा करें।

जिस मोबाइल फोन से डिजिटल अरेस्ट का फंदा निकलता है उसी मोबाइल के एक संदेश से ज्ञान भी आया- अपने मन से डर निकालें और मोबाइल फोन रूपी चिराग से कभी-कभी निकलनेवाले ठगों के स्वाँग रूपी जिन्न से लड़ने के लिए अपने विवेक को प्रशिक्षित करें। डिजिटल अरेस्ट मन की कमजोरी का दूसरा नाम है। बहादुरी का परिचय देते हुए सीने पर हाथ रखकर बोलें, फोन आएगा, हमें फँसाएगा, लेकिन हमें डिगना या डरना नहीं है। बाकी सब ठीक है।

**-रमेश रंजन त्रिपाठी**
**इंदौर**

# बहुत कठिन है डगर वोटर की



इस युग में यदि कोई सबसे परेशान है तो वो है वोटर। उसे वोट देने का अधिकार क्या मिला, उसके फ़जीते हो गये। वह उस अनार की तरह हो गया कि एक अनार और सौ बीमार। एक वोट है उसके पास, लेकिन उस एक वोट को मांगने और लेने वाले अनेक हैं। कभी यह कभी वह। वह अपने आपको एक ऐसे चक्रव्यूह में फंसा हुआ महसूस करता है जैसे सांप छछूंदर की गति होती है। वोट दे तो दिक्कत न दे तो और ज्यादा दिक्कत। भाई लोग पूछे बिना रहते नहीं कि वोट किसको दिया। सच बताओ तो नाराज हो जाते हैं और झूठ बताओ तो उससे भी ज्यादा नाराज हो जाते हैं। वोट - वोट न हुआ जैसे सोने का सड़क पर पड़ा हुआ सिक्का हो गया। हर कोई वोटर से छीन लेना चाहता है। कोई हाथ जोड़ कर तो कोई पांव पड़ कर वोट ले लेना चाहता है। कोई कोई तो पांव ही कसकर पकड़ लेता है और कसम तक दिलवा देता है कि वोट उसी को देना है वरना वह भूख हड़ताल पर बैठ जाएगा। वोट दिलवाने के लिए प्रत्याशी गवाह में रूप में वोटर की पत्नी और उसके बच्चों को भी कसम दिलवा कर उनको भी शामिल कर लेता है। वोटर समझ नहीं पाता कि ढेर सारे प्रत्याशियों में से किसको वोट दें। ज़ब कोई बताता है कि फ़लाने को वोट देना है तो वह ढिम्के को वोट दे देता है। इसी तरह ज़ब कोई बोलता है कि ढिम्के को वोट दे देना तो वोटर अपना सिर खुजला कर फ़लाने को वोट दे मारता है। वह भी क्या करे। आए दिन तो चुनाव होते रहते हैं। दिमाग़ ख़राब नहीं होगा तो क्या होगा। फिर भी वोटर जैसे तैसे करके वोट देने की अपने आप में हिम्मत जुटा पाता है। यह तो वह जानता ही है कि किसी एक बंदे का नाम उसके वोट पर लिखा है। अतः उसे हर हाल में उसे देना है, लेकिन वह सौभाग्यशाली कौन कैंडिडेट है, यह तो वह भी नहीं जानता। बस नाम और निशान देख कर ई वी एम का बटन दबाना है। वोटर अपनी समझबूझ से सब कुछ तय कर लेता है कि किसे वोट देना है।

ज़ब वह वोट देने के लिए अपने घर से पैदल ही निकलता है तब,कुछ एजेंट उसके पास आकर पहले तो नमस्कार करते हैं फिर कहते हैं - भाई साहब, आप वोट डालने जा रहे हैं न..तो पैदल क्यों जा रहे हैं। हमारे होते हुए आप पैदल वोट देने जाएंगे, यह तो सरासर हमारी तौहीन होगी। ऐसा भला कैसे हो सकता है। आप मेरी गाड़ी में बैठिए और वोट देने हमारे साथ चलिए। वोटर आश्चर्य से उसका मुंह ताकते हुए बोला - क्या आप वापस छोड़ने भी आओगे..! क्यों नहीं हम आपको घर तक छोड़ भी देंगे। एजेंट के यह कहते ही वोटर उसकी मोटर साइकिल पर जैसे ही बैठने लगता है तब वहां दूसरी पार्टी का एजेंट आ धमकता है। वह चिल्ला कर बकता है - आप वोटर को बहला फुसला कर ले जा रहे हैं, यह ग़लत है, मैं अभी चुनाव आयोग को कम्पलेंट भेजता हूं। अरे भैया। ये अपनी राजी -मर्जी से वोट देने जा रहे हैं, मैं तो केवल अपनी गाड़ी में इन्हें बिठा कर ले भर जा रहा हूँ। पहले वाला एजेंट बोलता है। मैं खूब़ समझता हूँ तुम्हारी चाल को। तुम वोटर को बहला फुसला कर अपनी पार्टी में वोट डलवाना चाहते हो। ज़ब मेरी बारी आएगी तब तुम भी देख लेना..! यह कह कर दूसरा एजेंट बड़बड़ाता हुआ अपने टूटी कुर्सी पर बैठ जाता है।

इस तरह से हर एजेंट वोटर को बहला फुसला कर, समझा बूझाकर, अपनी गड्डी में बिठा कर ले जाता है। यही लोकतंत्र की रीत है। वोटर की इस दिन बड़ी खुशकिस्मत होती है। उसे पोलिंग बूथ पर ले जाने के लिए एक से बढ़ कर एक वाहन तैयार रहते हैं। वोटर चकरा जाता है कि मैं किस वाहन में बैठूं। सभी एजेंट उसे अपने वाहन में बिठाने के लिए चिरौरी करते हैं। उसके आगे पीछे पड़ जाते हैं। भैयाजी! काकाजी! दादाजी! लालाजी! आओ! आओ! मेरी गड्डी पर चढ़ जाओ जी..! ही.. ही.! करके सभी एजेंट वोटर के इर्दगिर्द इकट्ठे हो जाते हैं। पहली बार ऐसी इज्ज़त और मान सम्मान देख कर वोटर गद्‌गदायमान हो जाता है। उसे तो किसी भी गड्डी में बैठ कर जाना होता ही है। इसलिए वह चला भी जाता है। पैदल जाने से तो अच्छा है कि किसी गाड़ी में बैठ कर जाए। उसका एक दिवसीय मान सम्मान कार्यक्रम है तो वह भला इसे ठुकराने की पेशक़श क्यों करें? किसे वोट देना है यह तो उसके हाथ में ही की बात है ना..! इसलिए गाड़ी में बैठ कर जाना कोई अपराध तो है नहीं। यह सब सोच समझ कर वोटर कभी कभी ग़लती से सही काम भी कर जाता है।

अब ज़रा चुनाव में खड़े प्रत्याशी के हालचाल भी जान लेते हैं। चुनाव हो जाने के बाद ज़ब मतगणना होती है तब उस भले मानुस को पता चलता है कि वोटर ने उसका कितना भला किया है । हार और जीत का गणित ही बताता है कि वोटररूपी हाथी के दांत खाने के और तथा दिखाने के और होते हैं। प्रत्याशी जिन वोटरों की प्रत्याशा में चुनाव में खड़ा होता है, वे ही उसे ठेंगा बता कर उसे धड़ाम से नीचे गिरा देते हैं, उसे हरवा देते हैं। वह मुश्किल से अपनी आहों और आंसुओं की झड़ी को रोक पाता है। वह सोचता है और अपने बाल नोचता है। सच है, आज का टाईम भरोसा करने लायक नहीं रहा और वोटर..! उसकी तो बात ही क्या करना..! कहता कुछ है और करता कुछ है। बड़ा पल्टीमार वोटर है । हां.. हां.. करते करते भी ऐन वक्त पर ना.. ना.. कर जाता है। बड़ा दोग़ला है आज का वोटर ..! भरोसे लायक तो बिलकुल भी नहीं। इसी बात से हारा हुआ प्रत्याशी अपने दिल के गुब्बार निकालता है। लेकिन जीते हुए प्रत्याशी के लिए तो वोटर उसका भगवान बन जाता है। क्या वोटर हारे हुए प्रत्याशी के भरोसे के लायक नहीं होता या जीते हुए प्रत्याशी के लिए भगवान होता है ?

**डॉ. रमेशचंद्र**
**ईश-कृपा**
**100- सी, पार्श्वनाथ नगर,**
**अन्नपूर्णा मार्ग,**

## अखिल भारतीय पारीक महासभा का दीपावली मिलन समारोह

**इंदौर।** अखिल भारतीय पारीक महासभा द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 10 नवंबर रविवार को छावनी स्थित मोदी परिसर में किया जा रहा है, इसमें भगवान को 56 भोग लगाकर महाआरती की जाएगी। महासभा के अध्यक्ष कैलाश चंद पारीक, सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि महासभा का रविवार को आयोजित होने वाले दीपावली मिलन समारोह में भगवान को 56 तरहो के पकवानों का छप्पन भोग छप्पन भोग लगाया जाएगा, 108 दीपों से मां आरती होगी। 1500 से अधिक समाजजन सम्मिलित होकर भगवान की आराधना करेंगे।

## फर्जी अनुबंध बना कालोनी काट लाखों की धोखाधड़ी करने वाला भूमाफिया गिरफ्तार

**इन्दौर ।** कूट रचित दस्तावेजों से अनुबंध बनाकर महिला की करोड़ों रुपये कीमती जमीन पर कालोनी काट लाखों रुपये में भूखंड बेच फर्जीवाड़ा तथा धोखाधड़ी करने वाले भू माफिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।? मामला चंदननगर थाना क्षेत्र का है। चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल के अनुसार भूमाफिया खलील उन्नबी को फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ नार्थ राज मोहल्ला निवासी सिम्मी भारत भूषण बहल निवासी नार्थ राजमोहल्ला ने शिकायत दर्ज कराते बताया था कि उसकी ग्राम सिंहासा में पटवारी हल्का नंबर 6 खसरा नंबर 235/2 पर एक हेक्टेयर भूमि है। भूमि पर सिम्मी और उनके परिवार का ही कब्जा है। आरोपित खलील पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी ग्रीन पार्क कालोनी ने सिम्मी का फर्जी अनुबंध तैयार कर उक्त भूमि में से दो लाख 15 हजार 336 वर्गफीट भूमि क्रय करना दर्शा कर बयाना पेटे नौ करोड़ 95 लाख रुपये देना बताया। महिला द्वारा शिकायत करने पर अन्नपूर्णा एसीपी नंदनी शर्मा ने आवेदन पत्र की जांच की थी और उसके बाद खलील के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने खलील को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।

## पशु क्रूरता के दो मामलों में प्रकरण दर्ज

**इन्दौर ।** दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में स्ट्रीट डॉग के साथ हुई क्रूरता की सूचना पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए है। कनाड़िया थाना पुलिस के अनुसार गुलमर्ग कॉलोनी में एक स्ट्रीट डॉग पर एक व्यक्ति ने छर्रे वाली बंदूक से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल श्वान को इलाज के लिए तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। वहीं पलासिया थाना पुलिस को प्रियांशु जैन ने एक वीडियो सौंपा, जिसमें पत्रकार चौराहे पर एक शख्स एयरगन से श्वान पर फायर कर उसे भयभीत करता दिख रहा है। पुलिस ने विडियो के आधार पर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** एक वृद्धा ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतिका का नाम संध्या पति माखनलाल निवासी राजेंद्र नगर है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले उसका बेटा-बहू से विवाद भी हुआ था। हालांकि, इस विवाद के बाद वह सामान्य ढंग से रह रही थी। बुधवार रात कमरे में फांसी लगा ली। जब सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला तो परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा। वह फंदे पर लटकी थी।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**इंदौर।** लोहामंडी रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम संदीप पिता मोतीलाल निवासी राधा गोविंद का बगीचा है। वह रात को काम करके घर आ रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। रावजी बाजार पुलिस ने मर्ग कायम मामले में जांच कर रही है।

## एक्शन मोड में ट्रेफिक पुलिस सर्विस रोड पर खड़ी चार यात्री बसें की जब्त, लगाया जुमार्ना

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** यातायात सुधार को लेकर इंदौर क ट्रैफिक पुलिस द्वारा जहां लापरवाह वाहन चालकों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है, वहीं अब एक्शन मोड में आते हुए जिन वाहनों से यातायात में बाधा आत है उन्हें जब्त करने के साथ ही जुर्माना भी वसूला जा रहा है। इसी कड़ी में मूसाखेड़ी से तीन इमली के बीच रिंगरोड और सर्विस रोड पर यात्री बस खड़ी करने वालों पर ट्रेफिक पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान आरटीओ, पुलिस की मदद से चार बसों को जब्त कर उन पर जुर्माना लगाया गया। ट्रेफिक पुलिस ने जय भवानी, राहुल बस, ओम सांई राम, बाबू, बाबा धारीवाल, एमआर ट्रैवल्स कबीर, चौहान, अमर ज्योति बस ऑपरेटर के अवैध बुकिंग ऑफिस पर कार्रवाई की गई। 5 बसों का मौके पर चालान बनाकर 22500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ट्रेवल्स की 25 और रोड बाधित करने वाली बसों को चेतावनी देकर रिंगरोड पर से हटाया गया। कार्रवाई में ट्रेफिक के सहायक पुलिस आयुक्त हिन्दू सिंह मुवेल, डिप्टी कलेक्टर ओमप्रकाश बड़कुल, एआरटीओ गुप्ता, निगम के जोनल ऑफिसर निमार्ता हिंडोलिया मौजूद थे।

## एयरगन से किया श्वान पर फायर

**इंदौर।** एक व्यक्ति ने छर्रे वाली एयर गन से श्वान पर फायर कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। पीपुल्स फार एनिमल संस्था की इंदौर ईकाई की अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत थाना पलासिया में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर कार्तिक नामक युवक ने काल कर बताया कि इलाके के गुलमर्ग कालोनी में स्ट्रीट श्वान पर एक व्यक्ति ने छर्रे वाली बंदूक से हमला किया है। जिसमें एक श्वान के पैर में चोट आई। संस्था ने घायल श्वान को शासकीय अस्पताल भेजा। शिकायत वीडियो बनाकर पुलिस को दिया गया है। प्रियांशु ने बताया कि पत्रकार चौराहे पर गोल्डी नामक युवक ने श्वान पर एयर गन से फायर किया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## रुपयों के विवाद में भाभी को चाकू मारा

**इंदौर।** उधार दिए गए रूपए को लेकर हुए विवाद में देवर ने भाभी को चाकू मार दिया वहीं भाई को भी पीट दिया। हीरानगर पुलिस के मुताबिक विवाद रघुनंदन बाग झोपड़ पट्टी में हुआ। घायल मधु पति जितेंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सेतु निवासी पलासिया के खिलाफ केस दर्ज किया है।

महिला ने पुलिस को बताया कि मेरा देवर सेतु हमारे घर पर आया। हम आपस में पारिवारिक बातें कर रहे थे तभी देवर ने मेरे पति से कहा कि मेरे 600 रूपए वापस दो। हमने कहा कि अभी हमारे पास नहीं है बाद में दे देंगें। इसी बात से नाराज होकर आरोपी देवर ने गालियां दी और हाथ मुक्कों से मारपीट की। उसने मेरे घर में पड़े सब्की काटने वाला चाकू उठाया और चेहेर पर मार दिया। चाकू गाल में लगने से खून बहने लगा था।



माणिक बाग रोड स्थित अमरदास हाल में गुरु सिघ महासभा के चुनाव के परिणाम घोषित, मोनू भाटिया की पैनल जीती। जश्न मनाते हुए ।

# हरपाल सिंह उर्फ मोनू भाटिया इन्दौर श्री गुरु सिंघ सभा के बने अध्यक्ष

### प्रीतपाल सिंह महासचिव निर्वाचित

**इन्दौर ।** सिख समाज की इन्दौर में एकमात्र संस्था श्री गुरुसिंघ सभा के 12 साल बाद हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर खालसा-फतेह पैनल के हरपाल सिंह उर्फ मोनू भाटिया निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने खंडा पैनल के मनजीत सिंह उर्फ रिंकू भाटिया को 1514 वोटों से शिकस्त दी। जबकि प्रीतपाल सिंह महासचिव पद पर जीते हैं। सभा के चुनाव हेतु वोटिंग गुरुवार को होने के बाद काउंटिंग शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शुरू हुई। श्री गुरु सिंघ सभा इन्दौर के अध्यक्ष, महासचिव सहित 17 सदस्यों के चुनाव हेतु खालसा-फतेह पैनल और खंडा पैनल से 38



उम्मीदवार आमने-सामने थे। जिनका चुनाव 11687 सदस्यों को मतदान कर करना था। लेकिन चार स्थानों पर बनाए मतदान केन्द्रों पर कुल 7426 सदस्यों ने मत डाले। इनमें गुरु अमरदास हॉल में 3500 मतदाताओं ने, खालसा कॉलेज में 1521, निरंजनपुर गुरुद्वारा में 1305 और गुरु हरे कृष्णा पब्लिक स्कूल में 1100 मतदाताओं ने मतदान किया। गुरुवार को हुए मतदान के बाद शुक्रवार सुबह दस बजे से शुरू हुई गिनती में प्रधान पद के लिए खालसा-फतेह पैनल के मोनू भाटिया को 4307 वोट और खंडा पैनल के रिंकू भाटिया को 2793 वोट मिले इस तरह मोनू भाटिया 1514 वोट से विजयी घोषित किए गए वहीं सचिव पद पर खालसा-फतेह पैनल के ही प्रितपाल सिंह भाटिया उर्फ बंटी ने खंडा पैनल के इंद्रजीत सिंह होरा को करीब दो हजार वोट से हराया। वहीं कार्यकारिणी के भी सभी पदों पर खालसा-फतेह पैनल के प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। जीत के बाद मोनू भाटिया ने कहा कि अब काम दिखाने का समय आ गया है यह संगत की जीत है। मोनू ने कहा कि सामने वाले हार के डर से ही चुनाव नहीं कराना चाहते थे।





# 1 लाख रुपए से अधिक की सायकिल चुराने वाला गिरफ्त में

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक अपार्टमेंट में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब 1 लाख रुपए से अधिक की सायकिल चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी यहां काम की तलाश में पहुंचा था और मौका पाकर सायकिल चुराकर भाग निकला। पुलिस ने तीन दिन तक रैकी करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार क्रिश पिता महेन्द्र मंडलोई निवासी सुहाग प्रोविजन के पीछे शिवधाम कालोनी लिंबोदी ने बताया कि वह प्रोफेशनल साइकल रेसर है। ओपन इंटरनेशनल इंडो नेपाल चेम्पियनशीप में फर्स्ट रनरअप रहा है। कुछ दिन बाद वह स्टेट लेवल एमटीबी चेम्पियनशिप में भाग लेने भोपाल जाने वाला था। इसके पहले ही उसकी (एक्सकेलिवर 8 स्पोर्ट प्रोफेशनल रेसिंग साइकल) घर के बाहर से चोरी हो गई। थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम के अनुसार, फरियादी ने 2 नवंबर को सवा दो से सवा तीन बजे की बीच साइकल चोरी होने की बात कही है।

शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे। इसमें संदिग्ध युवक उक्त साइकल के साथ दिखा। पुलिस उसे फालो करते हुए लिंबोदी गेट, खंडवा नाका, आईटी पार्क, भंवरकुआ, सिंधी कालोनी, लोहा मंडी, गाड़ी अड्डा, रावजी बाजार, कलालकुई मस्जिद, पागनीसपागा, हरसिद्धि, मच्छी बाजार से बंबई बाजार तक पहुंची। इस दौरान 200 कैमरे खंगाले। दूसरे दिन फिर पुलिस ने बंबई बाजार से मच्छी बाजार, कबाड़ा मार्केट, पंढरीनाथ, रावजी बाजार एवं जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के कैमरों को देखा। इन कैमरों में भी संदिग्ध युवक साइकल के साथ दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर जूनी इंदौर ब्रिज के पास से आरोपी संजय पिता मदनसिंह कौशल निवासी जबरन कालोनी को पकड़ा। उसने बताया कि वह कई दिनों से रोजगार की तलाश में है। रोजगार के लिए लिंबोदी स्थित अपार्टमेंट ने गया था। नौकरी नहीं मिली तो साइकल चुरा ली, ताकि इसे बेचकर कुछ पैसा कमा सकूं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# फेसबुक दोस्त ने दिया धोखा ...

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** निजी कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारी ने अपने दोस्त के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। आरोपी ने 2019 में पीड़िता से फेसबुक पर दोस्ती की। इसके बाद खुद को सब इंस्पेक्टर बताया और शादी का झांसा देकर 5 साल तक पीड़िता से सबंध बनाए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर कार्रवाई की है।

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक 31 साल की युवती की शिकायत पर दीपक पटेल निवासी चंदन नगर के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया गया है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता ने बताया कि 2019 में उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से दीपक से हुई। उसकी बात पर विश्वास किया और बातें करने लगी। दोनों घूमने-फिरने भी गए। 9 नवंबरर 2011 को दीपक उससे मिलने मल्हारगंज इलाके में किराये के घर पर आया। उस समय कहा कि वह उसे पसंद करता है और शादी करना चाहता है। तब दीपक से उसके माता पिता से बात करने को लेकर कहा तो दीपक ने कहा कि वह जल्दी बात करेगा। इसके बाद उसने पीड़िता के साथ सबंध बनाए। इसके बाद दीपक कभी भी उसके रूम पर आ जाता और सबंध बनाता। उस पर शादी का दबाव बनाया तो अपशब्द कहने लगा। उससे बात बंद की तो कहा कि अगर तुम मिलने नही आई तो फोटो और वीडियो उसके पास है वो वायरल कर देगा। डर के चलते उसने मिलने के लिये पुलिस कंट्रोल रूम के यहां बुलाया। परिचित दोस्त को लेकर पहुंची। वह कार में ओंकारेश्वर चलने के लिये कहने लगा लेकिन साथ में गए दोस्त ने इनकार किया और वहां से उसे पकड़कर अजाक थाने लेकर गए। जहां से बातचीत के बाद मल्हारगंज थाने भेजा गया। पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद आरोपी पर रेप सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## दुकानदार को मारी तलवार

**इंदौर ।** चोइथराम फल मंडी में दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्रों ने एक दुकानदार को लात घूसों और तलवार से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। थाना राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक हमले की घटना चोइथराम फल मंडी में कोल्ड स्टोर के पास हुई। घायल का नाम विजय पिता किशोर टेटवाल निवासी तेजपुर गड़बड़ी है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी नंदू साहू,शैलेंद्र साहू और नितिन साहू निवासी नंदलालपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि दुकान लगाने की बात पर से नाराज होकर नंदू और उसके दोनों लड़के मुझे गालियां देने लगे मैंने उन्हें गालियां देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपी नितिन ने मुझे तलवार से सिर में वारकर घायल कर दिया।

# एक रात में दो हत्याएं

### नाबालिगों ने युवक और बुजुर्ग की ली जान, आरोपी पकड़ाए

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** गुरुवार की रात में शहर के बाणगंगा और आजाद नगर इलाके में हत्या की दो घटनाएं हुई। बाणगंगा में जहां एक युवक को चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया, वहीं आजाद नगर में एक बुजुर्ग के सिर में टाइल्स का टुकड़ा मारकर हत्या कर दी गई। दोनों मामलों में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग आरोपियों को पकड़ा है। आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी में चौकीदारी करने वाले नर्मदा प्रसाद उर्फ मिथुन पिता बाबूलाल मीणा की आरोपियों ने विवाद के चलते हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, मिथुन घर के बाहर सो रहा था। तभी बदमाशों ने उसके सिर पर फरसी और ईंट मार दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच में पता चला कि मिथुन टावर चौराहा स्थित कपड़े की दुकान पर सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वह शराब के नशे में राह चलते लोगों को गाली दे रहा था। वारदात करने वाले दो नाबालिगों ने गाली देने से मना किया तो मृतक उनसे विवाद करने लगा था। इसी के चलते उसकी हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने वारदात करने वाले दो नाबालिगों को पकड़ लिया है। इसी प्रकार बाणगंगा थाना क्षेत्र के जगदीश नगर में कुछ युवक पीयूष उर्फ नाटा से मारपीट कर रहे थे। पीयूष के बचाने उसका चचेरा भाई प्रिंस पिता विजय गौड़ पहुंचा तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

## दुकान में लगी आग, बुजुर्ग घायल

**इंदौर।** अज्ञात बदमाश ने एक दुकान में आग लगा दी। इस दौरान भीतर सो रहा बुजुर्ग दुकानदार घायल हो गया। उसने किसी तरह से बाहर भागकर जान बचाई। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक आगजनी की वारदात 4 नवंबर की रात को छोटा बागंड़दा रोड पर मेडतवाल धर्मशाला के पास स्थित दुकान में हुई। घायल का नाम मिश्रीलाल पिता धुरीलाल गुप्ता (63) निवासी गरीब नवाज कालोनी है। उसकी रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि रात मैं अपनी दुकान के अंदर सो रहा था। तभी अचानक मेरी दुकान में आग लग गई। आग लगने से मुझे सिर, हाथ पैर में चोट आई। मैं घबराकर दुकान से बाहर निकला और 100 डायल कर काल किया। पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पहुंची ।

# पार्टी में झगड़ा, चाकूबाजी

**इंदौर।** चिकन पार्टी के दौरान युवकों के बीच रोटी को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढा कि आपस में चाकू चल गए। एक दूसरे से हमले में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्ष पर केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक विवाद और चाकूबाजी की घटना थाना खुड़ैल क्षेत्र में ग्राम कंपेल में हुई। एक पक्ष से लक्ष्मण उर्फ केशव पिता सोहनलाल ग ौड़ निवासी बक्षीबाग हाल मुकाम कंपेल कि रिपोर्ट पर आरोपी आशुतोष उर्फ छोटू निवासी बापजी नगर,और भोला उर्फ गौरव निवासी कमाठीपुरा इंदौर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि हम पार्टी कर रहे थे। आरोपी भोला उर्फ गौरव और आशुतोष उर्फ छोटू ने मुझे रोटी बनाने का बोला। जब उसने कहा कि थोड़ी देर बाद बनाता हूं। इस बात पर विवाद हुआ। आरोपियों ने गालियां दी और मारपीट की। मुझे पकड़कर आरोपी आशुतोष उर्फ छोटू ने बडे चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। उसे हाथ और आंख के ऊपर चाकू लगा । पुलिस ने दूसरे पक्ष से फरियादी गौरव उर्फ भोला गौड़ की ि रपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मण गौड़ पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि पंचायत के पास तालाब किनारे पार्टी के दौरान उसने आरोपी लक्ष्मण को रोटी बनाने का बोला। उसने मना कर दिया और गालियां दी। फिर सब्जी काटने वाले चाकू से गले में वार कर दिया जान से मारने की धमकी भी दी।

# बस यूं ही...



शांता पारेख, इन्दौर
9425311944

## खरपतवार

खरपतवार संसार का शाश्वत व स्थायी तत्त्व है बाल व नाखून इसी श्रेणी में आते है,आजकल आई ब्रो भी जुड़ गैई है।घर की खरपतवार तो,माचिस की डिब्बी नुमाक बी एच के फ्लैट हो निकलना खाना बनाने से जरूरी है,इसमें घरेलू सहायकों का बड़ा साहयोग रहता है वे फुसफुसाहट भी सुन सकते है हम तो सफाई में लगे रहते है ,पर ये आफर पढ़ के उकसाते भी है ।

बड़ी परेशानी भेजे में घुसी खरपतवार की हैयड रखने वाली बातें भूल जाते जैसे मित्र की तबियत पूछने जाना य्या फोन ललग्न क्यों कि कभी किसी को फोन लगाओ तो अगला बोलता,मैं सोच ही रह था,पर टलता ही जा रहा था क्योंकि भेजे में खरपतवार को पालने पोसने का गोरखधंधा चल रहा होता है।मगर एक अन्नदाता ही बहुत समझ दार है नीम अंधेरे में पानी देता व सुबह जड़ी उठ केके फसल तोड़ बाजार भेजता जजैसे फूल सकग भाजीफल आदि।

तुरंत भोजन से पहले करपटवारतोड़ लेता क्यों कि उसकी निगाह फसल तोड़ते वक्त खरपतवार प्पय ज्यादा थी कि वही उसका खाद पानी व्यर्थ में चूस कर रही थी। वह फसल से ज्यादा खरपतवार में रुचि लेता है।वह ग्रामीण है डीग्री भी नही।न् वह प्रवचन सुनता न् यु ट्यूब पे सब्सक्राइब मांगते बाबा संतो के वीडीयो देखता बस उसको पता है जिसमे फायदा वही कायदा।

एक हम है शादी के पहले कॉउंसलिंग, संतान पाने के पहले कॉउंसलिंग, उसके बाद के जागरण से उपजी चिड़चिड़ाहट के बाद भी वही हर चीज के लिए वही एक विकल्प दिखता है।व जो अपने आचरण से जीवंत काउन्सलर है उनको जनरेशन गैप कह के वृंदावन हरिद्वार जाने को मोटीवेट कर दिया है।मैंने वृद्धाश्रम जो घर से अधिक सुविधाजनक है उनके नंबर मोबाइल में छद्म नाम से फीड कर रखे है।इसलिए एक प्रवासी भारतीय कह रहा क्यों संतान नो संतान।

# अक्टूबर में प्रदेश में 1.85 लाख वाहन बिके

## वाहन मालिकों को रजिस्ट्रेशन कार्ड का इंतजार

इंदौर। मप्र में अक्टूबर माह में 1 लाख 85 हजार 481 वाहन बिके हैं। वहीं परिवहन विभाग में कार्यरत स्मार्ट चिप कंपनी काम बंद कर चुकी है। रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग के पास कार्ड ही नहीं है। ऐसे में अब आनलाइन रजिस्ट्रेशन होने के बाद वाहन स्वामी को साफ्ट कापी से काम चलाना पड़ रहा है।



इसके चलते कुछ वाहन खरीदार तो आनलाइन कापी निकालकर गाड़ी पर नंबर लिखवा रहे हैं, जबकि जो अब तक तकनीक फ्रेंडली नहीं हैं, वह हार्डकापी के इंतजार में बिना नंबर के ही गाड़ी सडकों पर दौड़ा रहे हैं। अब इनसे यदि कोई हादसा होता है तो वाहन को ट्रैस करना भी आसान नहीं होगा।

दरअसल परिवहन विभाग का अब तक स्मार्ट चिप कंपनी से अनुबंध था। बकाया भुगतान को लेकर बात बिगड़ गई और अक्टूबर में कंपनी ने काम करना बंद कर दिया। इसके बाद परिवहन विभाग अब तक किसी नई कंपनी से अनुबंध नहीं कर पाया है।

हालांकि स्मार्ट चिप को जरुर मनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके लिए उनके बकाया 88 करोड़ में से कुछ भुगतान भी रिलीज किया गया है। जिससे कंपनी दिसंबर तक काम संभाल ले और समस्याएं खत्म हो जाएं। इससे शासन को नई कंपनी फायनल करने के लिए कुछ समय मिल जाएगा।

### साफ्ट कापी से चलाना पड़ेगा को

नया वाहन खरीदने के बाद रजिस्ट्रेशन के लिए आरटीओ में आवेदन किया जाता है। आमतौर पर विभाग रजिस्ट्रेशन कार्ड जारी करता है, लेकिन वर्तमान में विभाग के पास कार्ड ही नहीं है। इसके चलते अब आनलाइन ही रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

इससे वाहन स्वामी कहीं भी कंप्यूटर या मोबाइल के जरिए परिहवन विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन कार्ड की कापी निकाल सकते हैं। साथ ही गाड़ी पर नंबर भी लिखवा सकते हैं।

यदि आपने हाल ही में वाहन खरीदा है और रजिस्ट्रेशन कार्ड नहीं निकाला है तो मोबाइल जरुर साथ रखें। जिससे यदि पुलिस चेकिंग में पकड़े जाएं तो आनलाइन रजिस्ट्रेशन की कापी दिखा सकें, अन्यथा चालान भुगतना पड़ सकता है।

### कुछ जिलों का रिकार्ड आनलाइन नहीं

प्रदेश परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट परिवहन डाट ओआरजी डाट इन पर जिलों में रजिस्टर्ड वाहनों का डेटा अपलोड होता है। खास बात ये है कि इसमें अंचल के कई शहरों के साथ ही भोपाल और जबलपुर जैसे महानगरों का डेटा भी दिखाई नहीं दे रहा है।

# तीन रेस्टोरेंट पर चला निगम का बुलडोजर





इंदौर । बिचौली बाईपास पर बनी 7 ट्रिलिअन्स रेस्टोरेंट पर निगम का रिमूवल अमला पहुंचा रेस्टोरेंट का टी एन सी नहीं होने पर निगम कार्रवाई करने पहुंचा कोर्ट में चल रहे केस के कारण कार्यवाही रुकी 7 दिन का समय दिया गया।,इसके अलावा बरसाना गार्डन के सामने बिना टीएनसी के बने तीन रेस्टोरेंट पर चला निगम का बुलडोजर।

फोटो जर्नलिस्ट नवीन मौर्य

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हाईकोर्ट का नोटिस

### पौधारोपण को लेकर हाईकोर्ट सख्त

इंदौर। मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए करोडों पेड़ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के ठेकेदारों द्वारा काटे गए हैं। राजमार्ग बनकर तैयार हो चुके हैं। टोल टैक्स वाहनों से वसूल किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और मध्य प्रदेश सरकार को काटे गए पेड़ के एवज में जो नए पौधे लगाकर पेड़ विकसित करने थे, वह नहीं किए गए हैं।

जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के प्रमुख सचिव सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम प्राधिकरण के महाप्रबंधक और वन विभाग के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उल्लेखनीयहै मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं।इसके साथ ही मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम द्वारा पीपीपी मोड में रोड तैयार किए गए हैं।इसमें पिछले कई वर्षों मे करोड़ों पेड़ काट दिए गए। उसके एवज में मध्य प्रदेश में कहीं वृक्षारोपण नहीं किया गया है। इसको लेकर जनहित याचिका की सुनवाई मध्य प्रदेश हाईकोर्ट कर रही है।

## इंदौर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश होगें अजय श्रीवास्तव, जजों के स्थानांतरण आदेश जारी



इन्दौर। सतना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव को इंदौर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित किया गया है। वहीं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के सदस्य सचिव रत्नेश चंद्र बिसेन को सतना में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत के आदेश पर 12 जजों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं।

जिसके अनुसार इंदौर के जिला सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक को भी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पाटन जबलपुर के रिक्त पद पर स्थानांतरित किया गया है। वहीं खंडवा में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशवंत मालवीय को इंदौर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार अन्य जजों के स्थानांतरण आदेश अनुसार सागर पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अतुल कुमार खंडेलवाल को भोपाल में पारिवारिक न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश स्थानांतरित किया है। हाई कोर्ट रजिस्ट्रार जनरल घरमिंदर सिंह के अनुसार, सात सिविल जज, सीनियर डिवीजन को भी स्थानांतरित किया गया है, इनमें शिवराज सिंह गवाली पन्ना से इंदौर, मोहम्मद नियामत हुसैन रिजवी आष्टा-सीहोर से ग्वालियर, द्वारका प्रसाद रतलाम से जबलपुर, निधि शाक्यवार पन्ना से इंदौर, अमरीश भारद्वाज को इंदौर से सिवनी भेजा गया है।

## लायन्स क्लब इन्टरनेशनल में दिनेश रणधर का सम्मान



लायंस क्लब द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के भव्य सम्मान समारोह में लायन दिनेश रणधर (लायन्स इन्टरनेशनल इमेज बिल्डिंग चेअर पर्सन) को लायन्स गेटवे वाईस प्रेसिडेंट डा. कुलभूषण मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन योगेंद्र रूनवाल ,पीडीजी लायन राजेन्द्र गर्ग, वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल व सेवा सप्ताह के कोऑर्डिनेटर लायन चंद्र प्रकाश हेडा दंपति द्वारा पीडीजी रतनलाल जी गुप्ता, लायन एस पी नामदेव, लायन रमेश काबरा, लायन साधना सोडनी, लायन रश्मि गुप्ता, लायन यश शर्मा व डिस्ट्रिक्ट के करीब वरिष्ठ 500 सदस्यों की उपस्थिति में लायन रणधर को एक्सीलेंस सर्विस के लिए गणेश जी व लक्ष्मी जी की मूर्ति वाले ÷स्मृति चिन्ह÷ प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

## नियमित पदों की भर्ती में आउटसोर्स वर्कर्स संविदा कर्मचारियो को प्राथमिकता मिले

इन्दौर। विद्युत कंपनियां रिक्त पदो पर विभिन्न श्रैणी के 4300 कर्मचारियो की भर्ती करेगी, ऐसा बयान ऊर्जा मंत्री ने जारी किया है इसकी प्रक्रिया एक माह मे शुरू होगी। इस संबंध मे मप्र संविदा कर्म एव ठेका श्रमिक संघ ( इंटक) ग्वालियर के अध्यक्ष एल के दुबे ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विद्युत कंपनीज में आउटसोर्स वर्कर्स वर्षो से काम कर रहे है और ये वर्कर्स अपने काम मे माहिर हो गये है। अतएव इन वर्कर्स में से इनकी शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता अनुसार नियमित पदों पर बिना किसी औपचारिकता के प्राथमिकता पर इनको नियमित नियुक्तिया दी जाना चाहिए। जहां तक संविदा कर्मचारियो को इस विज्ञापन के तहत नियमित किया जाता है तो इनको इनकी संविदा नियुक्ति दिनांक से आज प्राप्त कर रहे वेतन मान का लाभ देते हुवे ही नियमित किया जाय तो ही ये संविदा कर्मचारी लाभान्वित होगे । संगठन के प्रातीय उपाध्यक्ष एन के यादव ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति मे जानकारी दी कि कंपनियों मे हरेक श्रेणी के हजारो पद रिक्त है और मात्र चार हजार की भरती करने का कोई औचित्य नही है। रिक्त पदो की पचहत्तर प्रतिशत पूर्ति की जाना चाहिए।

## संजीवनी क्लीनिकों का संचालन निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सालयों के सहयोग किया जायेगा

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने संजीवनी क्लीनिकों के बेहतर संचालन के संबंध में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सालयों के संचालकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आग्रह किया कि इंदौर में संचालित संजीवनी क्लीनिकों के बेहतर संचालन के संबंध में राज्य शासन के निर्धारित मापदंड के अनुसार सहयोग प्रदान करें।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल सहित इंदौर जिले में पंजीकृत सौ बिस्तर से अधिक क्षमता वाले समस्त अस्पताल/ मेडिकल कालेज के संचालक/प्रबंधक उपस्थित थे। विशेष रूप से अरविंदो मेडिकल कॉलेज, इंडेक्स मेडिकल कॉलेज, एल एन सी टी मेडिकल कॉलेज ,बॉम्बे हॉस्पिटल, चोइथराम हॉस्पिटल , मेदांता हॉस्पिटल, केयर सी एच एल हॉस्पिटल, विशेष जूपिटर हॉस्पिटल शामिल हुये। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी को संजीवनी क्लीनिक के संबंध में जानकारी दी और आग्रह किया कि आमजन की सुविधा को देखते हुये सहयोग देते हुये इनका संचालन अपने हाथों में लें। इस संबंध में संजीवनी क्लीनिक को निजी अस्पतालों द्वारा शासन स्तर से दिए गए मागदर्शन अनुसार संचालित करने हेतु जानकारी प्रदान की गई। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज द्वारा दस संजीवनी क्लिनिक, अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा छह संजीवनी क्लिनिक, सेवाकुंज हॉस्पिटल एवं एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज द्वारा चार संजीवनी क्लिनिक का संचालन करने एवं बॉम्बे हॉस्पिटल, शैलबी हॉस्पिटल, चोइथराम नेत्रालय, केयर सी एच एल द्वारा एक- एक संजीवनी क्लिनिक का संचालन करने हेतु सहमति प्रदान की गई।

## फूलमाली सैनी समाज छावनी का मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव आज

इंदौर। फूलमाली सैनी समाज छावनी का अन्नकूट महोत्सव शनिवार 9 नवम्बर को शाम 7 बजे से छावनी स्थित मोदी परिसर में मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी एवं मंत्री मनोहर सैनी ने बताया कि दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट के इस उत्सव में भजन गायक दीपक जाधव भी अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे। समाज की ओर से भगवान श्रीनाथजी को छप्पन भोग भी समर्पित किए जाएंगे। समाजबंधु भगवान श्रीनाथजी की सामूहिक आरती करेंगे। इस मौके पर मौजूद समाजबंधुओं को किसी तरह के भोज एवं स्नेह भोज में जूठन नहीं छोड़ने की शपथ भी दिलाई जाएगी।

## कैबिनेट मंत्री श्री विजयवर्गीय के साथ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में किया महाजनसंपर्क



**देवास(अंतिम यादव )।** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के निमित्त शुक्रवार को नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के प्रभाग 36 में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समर्थन में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ देवास भाजपा नेता सुमेर सिंह दरबार व टीम द्वारा महा जनसंपर्क किया गया। इस संवाद यात्रा में परिवारजनों से आत्मीय संपर्क स्थापित कर उन्हें भाजपा की रीति नीतियों से अवगत कराया। सभी स्वजनों ने भाजपा को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मप्र के प्रवासी विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक गौरव पारधी, देवास से धर्मेंद्र वर्मा, मुकुल बांगर, नितिन वाघ, भरत खाटवा सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस महाजनसंपर्क, संवाद यात्रा में उपस्थित थे।

# नामचीन कंपनी के मिले जुले नाम से बेचा जा रहा है डुप्लीकेट पानी

## ग्राहकों को किया जा रहा है ब्रांडेड कंपनियों के नाम से भ्रमित

इंदौर! शादी समारोह हो या बर्थडे पार्टी या चाहे हो राजनीतिक सभा, या फिर हो सफर। इन तमाम अवसरों पर इन दिनों स्टेटस सिंबल की पहचान क बनता जा रहा है आरओ पानी का मार्केट इन दिनों चरम पर है। जी हां, खाने के दौरान प्यास लगना स्वाभाविक है।




ऐसे में प्यास मिटाने के लिए हर इंसान पानी की बोतल खरीद लेता है। लेकिन वो इस बात से अनभिज्ञ है कि प्यास मिटाने के लिए दस रूपए में मिलने वाली पानी की बोतल उसके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव डाल सकती है। ज्ञात हो कि शहर में थोड़े से रूपए का मुनाफा कमाने के लालच में विक्रेता धड़ल्ले से बिना हॉलमार्क एफएसएसएआई का पानी बेच रहे हैं, जो मानकों पर खरा उतरता नहीं दिखाई दे रहा है। मात्र दस रूपए में बेचे जाने वाली बोतलों को शहर की दुकानों में सजी बोतलों के संचालकों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि ब्रांडेड कंपनी से मिलती जुलती डुप्लीकेट कंपनी का पानी सस्ता पड़ता है।

जहां ब्रांडेड कंपनी बिसलेरी की बारह बोतलों का बॉक्स 140-150 रुपए में मिलता है वहीं, इससे मिले जुले नाम का स्टीकर लगे पानी की बोतल का बॉक्स 60-70 रूपए में मिल जाता है और वो हू-ब-हू बिसलेरी जैसा दिखता है। बता दें कि नकली पानी बेचने वाले विक्रेताओं को किसी का डर नहीं है। खाद्य सुरक्षा मानकों के मुताबिक बोतलों में बेचे जाने वाले पानी के लिए भी लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

### ग्राहकों को करते हैं भ्रमित

पानी की बोतल बेचने वाले विक्रेता ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ग्राहकों को भ्रमित करते हैं। नाम के थोड़े से हेरफेर के चलते हर किसी को पता नहीं चल पाता है। कई दुकानदार ब्रांडेड कंपनी के नाम से मिले जुले डुप्लीकेट पानी की बोतल ऊंचे दामों में बेच रहे हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी का दायित्व है कि वे खाद्य पदार्थों की तरह इन पर भी नियम के तहत कार्रवाई करे।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला इन्दौर का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

इंदौर। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश जिला इकाई इंदौर का दीपावली मिलन समारोह एवम मासिक बैठक स्थानीय अभिनव कला समाज हॉल गांधी हॉल परिसर में उपस्थित सभी पेंशनर्स साथियों की उपस्थिति में सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।सभी साथियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई- शुभकामनाएं प्रेषित की।



प्रभारी जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द्र वर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। संभागीय अध्यक्ष एवम प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जोशी ने आगामी 11 नवम्बर 2024 को सम्पूर्ण प्रदेश में एक साथ आयोजित होने जा रहे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि हमारे एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे के कुशल नेतृत्व एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष इंजी. राधेश्याम पाटीदार ,अशोक भार्गव प्रांतीय वरिष्ठ प्रवक्ता. डी.बी.नायर, प्रांतीय समन्वयक वीरेन्द्र शर्मा, प्रांतीय संयोजक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती कमला द्विवेदी, प्रांतीय प्रवक्ता, शम्भू प्रसाद तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के सभी जिलों में दिनांक 11 नवंबर को प्रातः 11.00 बजे धरना प्रदर्शन एवं रैली के आयोजन के साथ दोपहर 3.30 बजे जिला कलेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को प्रेषित लंबित मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा जावेगा।

लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के संबंध में बैठक को प्रांतीय संयोजक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती कमला द्विवेदी जी, प्रांतीय इलेक्ट्रॉनिक मिडिया प्रभारी आर .के .शुक्ला , प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचन्द्र दुबे , प्रांतीय सचिव दीपक धनोड़कर, प्रांतीय संगठन सचिव गोविन्द व्यास , संभागीय उपाध्यक्ष एवं धार जिला प्रभारी सुभाष चन्द्र पाटीदार जी, जिला मिडिया प्रभारी जगदीश पचोरी जी ने संबोधित कर दिनांक 11 नवंबर को आयोजित धरना प्रदर्शन एवं रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु समस्त सम्माननीय पेंशनर्स साथियों से अनुरोध किया है।

## समाज सेवा करने वाले हाथ थामेंगे क्रिकेट का बल्ला




इंदौर । राउंड टेबल इंडिया के एरिया 17 द्वारा राउंड टेबल प्रीमियर लीग का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन प्रणाली से किया गया है। टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए एरिया अध्यक्ष श्री शैंकी बंसल, सेक्रेटरी प्रशांत बजाज , कोऑर्डिनेटर मोहित भार्गव, कनविनर डॉ दिव्यांशु गोयल ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन इंदौर यूनाइटेड राउंड टेबल 268 और इंदौर अल्युमिनि राउंड टेबल 296 के सहयोग से किया जा रहा हैटूर्नामेंट का मकसद टेबलर्स को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखना है। प्रीमियर लीग का आयोजन 9 और 10 नवंबर को बाईपास स्थित मेहता फार्म पर होगा । शाम 4 से 10 बजे तक होने वाले इस टूर्नामेंट में टेबलर्स की 8 टीम में भाग लेंगे इस टूर्नामेंट में प्रत्येक मैच 6 ओवर का होगा । प्रत्येक मैच के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन व मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

## राउंड टेबल इंडिया के प्रीमियम लीग मैच की शुरुआत 9 से

इंदौर । राउंड टेबल इंडिया के एरिया 17 द्वारा राउंड टेबल प्रीमियर लीग का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है । इस टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन प्रणाली से किया गया है। टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए एरिया अध्यक्ष श्री शैंकी बंसल , सेक्रेटरी प्रशांत बजाज , कोऑर्डिनेटर मोहित भार्गव , कनविनर डॉ दिव्यांशु गोयल ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन इंदौर यूनाइटेड राउंड टेबल 268 और इंदौर अल्युमिनि राउंड टेबल 296 के सहयोग से किया जा रहा है टूर्नामेंट का मकसद टेबलर्स को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखना है। प्रीमियर लीग का आयोजन 9 और 10 नवंबर को बाईपास स्थित मेहता फार्म पर होगा । शाम 4 से 10 बजे तक होने वाले इस टूर्नामेंट में टेबलर्स की 8 टीम में भाग लेंगे इस टूर्नामेंट में प्रत्येक मैच 6 ओवर का होगा । प्रत्येक मैच के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच , बेस्ट बॉलर , बेस्ट बैट्समैन व मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे । आयोजनकर्ता रजत जैन व शुभम खंडेलवाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन प्रणाली से किया गया है। जहां वर्चुअल मनी के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया गया। उल्लेखनीय के राउंड टेबल ऑफ इंडिया देश भर में समाज सेवा के कार्य करती है इसमें सबसे प्रमुख स्कूलों का निर्माण है । औसतन हर रोज संस्था द्वारा 2 कक्षा का निर्माण किया जाता है । संस्था के इस अभियान से देश भर के हजारों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण में शिक्षा मिल रही है।

## लखनऊ मे संपन्न आल इंडिया साई कुश्ती स्पर्धा मे 6 स्वर्ण के साथ मध्य प्रदेश के पहलवानों का दबदबा



इन्दौर। इंदौर मध्यप्रदेश के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया की 4 से 7 नवम्बर तक संपन्न हुए आल इंडिया साई सेंटर के पहलवानों के राष्ट्रीय मुकाबलो मे मध्यप्रदेश के पहलवानों का एकतरफा दबदबा रहा। 6 स्वर्ण, 3 रजत, 4 कांस्य जीतकर एकतरफ दबदबा बनाये रखा। हिमांश जाट, तुशान्त जाधव, हर्षित पाल, आर्यन यादव, मान्यता बोरासी, सामिया ने स्वर्ण जीते। अनुष्का बोरासी, हर्षवर्धन भोयर, बॉबी मालवीय ने रजत जीते। युवराज यादव, साद, विनय यादव, गोपाल यादव ने कांस्य पदक जीते। इनके साथ कोच के रूप मे अंतरराष्ट्रीय कोच विनय कुमार गये थे। इस उपलब्धि पर ओलिंपियन पप्पू यादव न कहा की हमारी नई पीढ़ी के युवा साई सेंटरों मे अभ्यासरत पहलवानों ने जबरजस्त प्रदर्शन कर एक नई आशा पैदा की। मध्यप्रदेश के पहलवानों के बेहतर प्रदर्शन पर ओलिंपियन पप्पू यादव, विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री, मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के सचिव सुरेश यादव, गोविंद गुर्जर, विकास यादव, कुश्ती कोच मुन्ना बोरासी ने बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की। लखनऊ मे संपन्न ने राष्ट्रीयस्तरीय स्पर्धा मे साई सेंटरों के 455 पहलवानों ने भाग लिया था।

## एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा सीसीआय की विषाल जीत



इन्दौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपसीए ए ग्रेड अंडर-15 स्पर्धा के अंतर्गत आज सीसीआय एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए निर्धारत 50 ओवरो में 5 विकेट पर 263 रन बनाये । प्रिस कुमार ने 92 रन एवं अभीषेक धाकड ने 70 रनों का योगदान दिया । युवराज, षिवम व यष ने 1-1 विकेट लिये । जवाब में विजय क्लब की टीम 27 ओवरो में सभी विकेट खोकर 100 रन ही बना पाई और यह मैच 163 रनों से हार गई । षिवम चौहान ने सर्वाधिक 48 रनों का योगदान दिया । आदित्य चौहान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं अभीषेक धाकड ने दोहरा प्रदर्षन करते हुए 3 विकेट लिये । फोटो - प्रिंस कुमार, आदित्य चौहान एवं अभीषेक धाकड स्टार क्लब की शानदार जीत इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं एनसीए के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाये जिसमें हर्षित शर्मा ने 31 रन बनाये । गाजी कमाल ने 4 विकेट एवं यषवर्धन सेंगर ने 3 विकेट लिये । जवाब में स्टार क्लब ने 48 ओवरो में 4 विकेट खोकर 161 रन बना लिये और यह मैच 6 विकेट से जीत लिया । गाजी कमाल ने दोहरा प्रदर्षन करते हुए 50 रन एवं नमन लोधी ने 40 रन बनाये । आर्यन शुक्ला ने 2 विकेट लिये।

# वर्ल्ड टेनिस टूर मास्टर्स इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 टेनिस टूर्नामेंट

### मध्य प्रदेश के तपन शर्मा, इंद्र कुमार महाजन, माधव पाटीदार और भावेश गौर फाइनल में





इन्दौर। मध्यप्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित एवं एमार इंडिया तथा ऐरन ग्रुप द्वारा प्रायोजित वर्ल्ड टेनिस टूर इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के मास्टर्स टेनिस खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चार वर्गों के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। प्रदेश के तपन शर्मा 45 इंद्र कुमार महाजन 40, माधव पाटीदार 35 तथा भावेश गौर 30 आयु वर्ग का फाइनल में आए। इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश के तपन शर्मा ने 45 आयु के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त मोहित फोगाट को कड़े संघर्ष में 6-1, 4-6, 10-6 से हराकर उलटफेर करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में पहले क्रम के संदीप सिंह डोडी चौथी वरीयता प्राप्त यति गुजराती के मैच छोड़ने के कारण आसानी से फाइनल में प्रवेश किया। संदीप 5-0 से आगे थे। मास्टर्स 40 आयु के पहले सेमीफाइनल में भी उलटफेर देखने को मिला। मध्यप्रदेश के इंद्र कुमार महाजन ने दूसरी वरीयता प्राप्त राज कुमार को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से पराजित किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में रियाज अहमद ने पांचवी वरीयता प्राप्त पूनार भसीन को 6-4, 7-5 से हराया। मास्टर्स 35 आयु के पहले सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश के माधव पाटीदार ने धमाकेदार खेल दिखाते हुए पहले क्रम के मिशाल जाविया को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराकर फाइनल में दस्तक दी। उनका खिताबी मुकाबला जितिन विश्नोई से होगा। उन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका के तीसरे क्रम के रौनक मेहता को 6-4, 6-1 से हराया। मास्टर्स 30 आयु के पहले सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश के भावेश गौर ने चौथी वरीयता प्राप्त अरुण भौसले को 6-1, 6-1 से हराया। वही दूसरी वरीयता प्राप्त लक्षित सूद ने तीसरे क्रम के पुलकित मिश्रा को 6-3, 6-2 से हराया। मास्टर्स 75 आयु के पहले सेमीफाइनल में पहले क्रम के नरेन्दर जनवेजा ने रामाकृष्ण सुदागिनी को 6-1, 6-1 से तथा दूसरे सेमीफाइनल में अशोक जिंदल ने वासु कृष्ण को 7-5, 6-3 से हराया। मास्टर्स 70 आयु के पहले सेमीफाइनल में जॉर्ज थॉमस ने सुरिंदर मोहन शर्मा को 7-6, 3-0 से तथा दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका के अजस छटवाल ने गोविंद कृष्ण कुमार को 6-2, 6-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मास्टर्स 65 आयु के पहले सेमीफाइनल में अशोक रे ने आशीष सेन को 6-2, 6-2 से तथा दूसरे सेमीफाइनल में पहले क्रम के अजित भारद्वाज ने अजय लखोटिया को रोचक मुकाबले में 6-1, 1-6, 10-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मास्टर्स 55 आयु के पहले सेमीफाइनल में पहले क्रम के पवन कपूर ने अशोक भटनागर को 7-5, 6-2 से तथा रामकुमार प्रसाद ने जॉर्ज वर्गीस को 6-2, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मास्टर्स 50 आयु के पहले सेमीफाइनल में नितेन कीर्तने ने मध्यप्रदेश के रोहित रावत को 6-0, 6-1 से तथा दूसरे क्रम के जगदीश तंवर ने अजित मारुति को 6-3, 6-3 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

### महिला वर्ग के भी हुए रोचक सेमीफाइनल

मास्टर्स महिला एकल वर्ग में 35 के सेमीफाइनल में अक्षिता बसवराजू ने बड़ा उलटफेर करते हुए मध्यप्रदेश की पहले क्रम की हरप्रीत बाजपेयी को 6-0, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका सामना तुलसी मेहता से होगा। उन्होंने प्रणीत पेडणेकर को 6-0, 6-0 से हराया। महिला मास्टर्स 45 आयु के पहले सेमीफाइनल में प्रेरणा आप्टे ने आरती गणेश को 2-6, 6-4, 10-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वही दूसरे सेमीफाइनल में मीनाक्षी श्रीनिवासन को नाजनीन रहमान के मैच छोड़ने से जीत मिली। 40 वर्ष आयु के सेमीफाइनल में अलिसा जॉय ने संध्यारानी बंडगर को 6-0, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### सैनी व नेहरू पुरुष युगल के फाइनल में

पुरुष युगल के 60 वर्ष आयु के सेमीफाइनल में मनी मोहन नेहरू व गौरव शंकर सैनी की जोड़ी ने चौधरी व जैन की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से पराजित किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में चेतन देसाई व मयूर मानेक ने अरुण अग्रवाल व नागराज को 6-2, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मास्टर्स 65 पुरुष युगल के पहले सेमीफाइनल में शीर्ष क्रम के ओपी दीक्षित व ललित शर्मा ने लखोटिया व शाह को 7-6 (7), 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मास्टर्स 45 पुरुष युगल के सेमीफाइनल में रोहन भसीन व जगदीश तंवर की शीर्ष क्रम की जोड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दीलिप मोहंती व सैयद बाबर को 6-2, 6-1 से हराकर फाइनल में पहुंचे।

### मुख्यमंत्री करेंगे सफल खिलाड़ियों को पुरस्कृत

अखिल भारतीय टेनिस महासंघ के सचिव श्री अनिल धूपर ने बताया कि शनिवार 9 नवंबर 2024 को होने वाले खिताबी मुकाबलों के सफल खिलाड़ियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम दोपहर 3.30 बजे होगा। इस प्रतिष्ठित मास्टर्स टेनिस स्पर्धा में 200 से ज्यादा खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं।



## 38वीं स्टेट बिलियर्ड्स - स्नूकर प्रतियोगिता दिपेश, केतन, पीयूष व प्रियंक अगले दौर में

इन्दौर। मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स - स्नूकर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 38वीं स्टेट स्नूकर व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप 2024 के सीनियर स्नूकर के मुकाबलों में रतलाम के दिपेश नाबर, इन्दौर के केतन चावला, भोपाल के पीयूष कुशवाह ने आसान जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। नेहरू स्टेडियम स्थित नवश्रृंगारित बिलियर्ड्स एकेडमी में खेली जा रही इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में रतलाम के दिपश नाबर ने भोपाल के दिव्य प्रकाश को 3-1 से, इन्दौर के केतन चावला ने रतलाम के कृष्णा अग्रवाल को 3-0 से, भोपाल के पीयूष कुशवाह ने भोपाल के हिमांश ददलानी को 3-1 से, भोपाल के प्रियंक जासवाल ने इन्दौर के कुशल खंडेलवाल को, भोपाल के राजेंद्र माहोरे ने इन्दौर के विकास वाडवेकर को 3-0 से, भोपाल के संदीप यादव ने रतलाम के अभिजीत ऐरन को 3-2 से, छिंदवाड़ा के नवीन चौरे ने जबलपुर के मयंक चौरसिया को 3-0 से, जबलपुर के वी.एस. आनंद ने इन्दौर के मयंक देशपांडे को 3-1 से, भोपाल के दिव्यांश शुक्ला ने जबलपुर के ओजस को 3-0 से, भोपाल के अभिजीत कासदे ने इन्दौर के तरंग गगनेजा को 3-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# 65वाँ सेंट्रल इंडिया स्क्वॉश टूर्नामेंट 2024 सम्पन्न




इन्दौर। बालक अंडर - 11 एरॉन आरंभन (1), महाराष्ट्र ने ज़ेयन अली, राजस्थान को 13-11, 11-1, 11-3 से हराया। बालक अंडर - 13 आयान धनुका (1), पश्चिम बंगाल, ने प्रभव बजोरिया, राजस्थान को 8-11, 11-8, 11-3, 11-7 से हराया। बालक अंडर - 15 श्रेष्ठ अय्यर (1), कर्नाटक, ने हर्षल राणा, हरयाणा को 14-12, 11-5, 10-12, 16-14 से हराया। बालक अंडर - 17 हृधान शाह, महाराष्ट्र, ने इशान डबके (1), महाराष्ट्र को 11-4, 11-7, 11-5 से हराया। बालक अंडर - 19 अंश त्रिपाठी (1), उत्तरप्रदेश, ने कुशल वीर सिंह, चंडीगढ़ को 11-6, 11-3, 11-4 से हराया। बालिका अंडर - 11 आलिया कांकरिया (1), पश्चिम बंगाल, ने श्रीया महेश्वरी, महाराष्ट्र को 11-2, 11-1, 11-3 से हराया। बालिका अंडर - 13 शनाया रॉय (1), महाराष्ट्र, ने शनाया परसरामपुरिया, महाराष्ट्र को 11-9, 11-6, 11-6 से हराया। बालिका अंडर - 5 वसुंधरा नागरे (1), महाराष्ट्र, ने गौरी जयस्वाल, राजस्थान को 11-8, 11-8, 5-11, 2-11, 11-5 से हराया। बालिका अंडर - 17 अनिका दुबे, महाराष्ट्र, ने सान्वी कलंकी, मध्यप्रदेश को 11-7, 11-7, 11-7 से हराया। मेन ओवर - 40 अंकुर गुप्ता, मध्यप्रदेश, ने सौरभ सिन्हा, महाराष्ट्र को 11-7, 11-8, 11-9 से हराया। मेन ओवर - 45 अमित सिंह (1), दिल्ली, ने कार्तिक मदनलाल, दिल्ली को 11-9, 11-7, 11-8 से हराया। मेन ओवर - 35 महेश कदम (1), महाराष्ट्र, ने अखिल दासवानी, महाराष्ट्र को 11-8, 11-6, 11-8 से हराया। मेन ओवर - 50 राहुल केसर, उत्तराखंड, ने राहुल बाफना (1), महाराष्ट्र को 8-11, 11-9, 11-3, 11-9 से हराया। मेन ओवर - 60 आशुन बहल (3/4), महाराष्ट्र, ने दीपक मूलानी, महाराष्ट्र को 11-8, 8-11, 11-7, 11-5 से हराया।प्रो-कोच अखिलेश कुमार (1), ने राजा यादव को 11-7, 8-11, 13-11, 11-6 से हराया। महिला वर्ग अंजलि सेमवाल (1), ने निरुपमा दुबे को 7-11, 11-8, 11-7, 11-5 से हराया। पुरुष वर्ग सूरज चंद (1), ने दिवाकर सिंह को 11-4, 11-5, 11-7 से हराया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में डेली कॉलेज बोर्ड के अध्यक्ष महाराज विक्रम सिंह पुआर, देवास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए तथा उनके खेल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डेली कॉलेज के उप-प्राचार्य द्वय सर्वश्री तुषार भारद्वाज, सोमेन सिन्हाबाबू, एस्टेट मैनेजर श्री गजेन्द्र सिंह, बर्सर श्री हर्षवर्धन सिंह तथा खेल अधिकारी श्री हरदीप सिंह गिल उपस्थित थे। एम.पी.एस.आर.ए. के संयुक्त सचिव श्री संजीव श्रीवास्तव भी इस अवसर पर मौजूद थे।

## गौरव गजेंद्र वर्मा को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में कुश्ती में प्रथम स्थान



इन्दौर। इंदौर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय मैं आयोजित अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कार्य क्षेत्र के सभी पहलवानों ने भाग लिया, 70 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में श्री चंदन गुरु व्यायाम शाला के शिष्य वैष्णो कॉमर्स कॉलेज के छात्र गौरव गजेंद्र वर्मा ने इंदौर संभाग के पहलवानों को परास्त करते हुए 70 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया,, गौरव वर्मा ठुद्ध्य कोच विजय सिंह वर्किया, के मार्गदर्शन में कुश्ती का प्रशिक्षण ले रहे हैं,,,

### आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज फ्री स्टाइल और ग्रीक रोमन कुश्ती में उच्च शिक्षा विभाग एवं

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बना ओवर ऑल चैंपियन

### कुश्ती जिंदगी को आत्मविश्वास से भर देती है- अर्जुन अवार्डी कृपाशंकर पटेल



इन्दौर। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी रुचि रखना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी न सिर्फ शारीरिक रूप से खूब मेहनत करते हैं बल्कि अच्छे खानपान के प्रति भी जागरूक रहते हैं तथा अपने आप को नशे से भी दूर रखते हैं, उक्त विचार मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी इंटरनेशनल पहलवान श्री कृपाशंकर पटेल ने आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज में आयोजित म.प्र.शासन एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सीधी संभाग स्तरीय (महिला/पुरुष) कुश्ती प्रतियोगिता में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कुश्ती पुरुषों के लिए प्राचीन समय से ही खेलों के रूप में काफी प्रचलित है परन्तु अब वक़्त बदल रहा है और महिलाएं भी कुश्ती की मेट पर अपने दांव से सभी को रोमांचित कर रही हैं,कुश्ती खेलने वाली महिला न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनती है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बहुत मजबूत होता है। इसी अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजय वर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार और जीत दोनों होती है,जीत जश्न मनाने का अवसर देती है तो हार सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर देती है तथा जोश के साथ फिर उठ खड़े होने का हौसला देती है, हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि एक हार या एक जीत जीवन का निर्णय नहीं होती बल्कि अनुभव लेकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य व संगठन सचिव डॉ. राजीव कुमार झालानी ने स्वागत भाषण एवं संस्था परिचय दिया। तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत श्रीमती रितु जोशी एवं प्रो. अद्विता खण्डेलवाल ने किया तथा दुपट्टे से स्वागत प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामअवतार जाजू, मंत्री डॉ. सत्यनारायण मंत्री,प्राचार्य डॉ.राजीव झालानी,क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र ठाकुर ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह ट्रस्ट सचिव सीए भरत सारडा तथा प्रबंधन समिति सदस्यों व प्राचार्य डॉ. झालानी ने भेंट किए, उद्घाटन समारोह का संचालन डॉ. राजश्री नरवणे ने किया तथा आभार महाविद्यालय खेलकूद प्रभारी प्रो. जयेश नानकानी ने माना। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक डॉ. प्रवीण ओझा एवं एनआईएस कोच व राष्ट्रीय पहलवान विजय वरकिया विशेष रूप से मौजूद थे।

प्रतियोगिता में देवी अहिल्या विश्वविधालय के अंतर्गत आने वाले 8 जिलों के 34 महाविद्यालयों के महिला एवं पुरुष पहलवान खिलाड़ियों ने कुश्ती की मेट पर अपने दांव पेंच से सभी को रोमांचित कर दिया। फ्री स्टाइल पुरुष प्रतियोगिता एवं ग्रीको रोमन पुरुष प्रतियोगिता में आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्तर पर चैंपियन बना। विजेता खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन अवसर पर पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय फिजिकल एजुकेशन की डायरेक्टर डॉ. सुधिरा चंदेल तथा पर्यवेक्षक डॉ. प्रवीण ओझा तथा प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार झालानी उपस्थित थे तथा विजेता खिलाड़ियों को चैम्पियन ट्रॉफी प्रदान की, संचालन डॉ.मनीष जैन ने किया एवं आभार डॉ. विकास जोशी ने माना।

## पुलिस ने लोहे के पिलर चुराने वाली गैंग के 5 सदस्य पकड़े, 15 पिलर, एक ट्रक और स्कार्पियो बरामद




**शामगढ़ (मन्दसौर)** । मंदसौर जिले की शामगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 लाख की कीमत के 15 टन लोहे के पिलर, एक ट्रक और एक कार बरामद की है। जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को फरियादी राजकुमार पाटीदार ने अपनी रोड की साइट से लोहे के पिलर चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर टीआई उदय सिंह अलावा के नेतृत्व मे एक टीम गठित की। जिसके बाद घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे, गरोठ, बोलिया, भानपुरा भवानी मंडी के रुट के करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चैक किए। जिसमें एक काले रंग की स्कॉर्पियो और टाटा टॉर्क संदिग्ध नजर आए। इसके बाद पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए संदिग्ध कार और ट्रक तक पहुंची। इसके बाद पुलिस ने भवानी मंडी के डग रोड पचपहाड़ निवासी शहजाद पिता सईद पठान, इमरान पिता मुनीर खा पठान, सागर पिता राजेश बेरवा, आशिक पिता गुड्डु अब्बासी और इमरान पिता अल्ताफ कुरैशी निवासी जामा मस्जिद के पास कसाई मोहल्ला पचपहाड़ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए 12 लाख रुपए की कीमत के 15 टन लोहे के पिलर, वारदात में उपयोग की गई एक ट्रक और एक स्कार्पियों कार बरामद की है। उक्त कार्यवाही में टीम निरीक्षक उदय सिह अलावा ,उनि अविनाश कुमार, का प्रआर दिलीप सिँह , का.प्रआर अजय मेडा ,आर इरफान खाँन (विशेष भुमिका) , आर मनीष बनोधा ,आर विशाल सिँह आर सुल्तान आर राहुल पाँचाल की सराहनीय भूमिका रही ।

## प्राथमिक स्वास्थ केंद्र नाहरगढ के नवीन भवन का हुआ भूमिपूजन



**नाहरगढ़ (मन्दसौर)** । आमजन व ग्रामीण अंचल की लगातार मांग पर नाहरगढ मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का भूमिपूजन माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। जिसके अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक हरदीप सिंह डग एंव मण्डल के पदाधिकारीगण के साथ जननेतागण व जनप्रतिनिधिगण तथा तहसीलदार कमल राय सुनहरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस जी सूर्यवंशी , ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर वही के सुरा, उप यंत्री अनिल राठौर , ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर कमलेश भाटी, थाना प्रभारी प्रभात गौड, डॉक्टर जगदीश गहलोत, श्रीमती दुर्गेश कुंवर भाटी, करण सिंह सोलंकी, राधेश्याम पाटीदार, महेश माली, पंकज जाट,भोपाल सिंह चौहान सहित पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधिगण और स्वास्थ्य विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारी के साथ ही नगर व अंचल के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन यु एस नरवरिया ने किया तथा सभी का आभार माना ।

## प्रश्न मंच का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किया



**नाहरगढ़ (मन्दसौर)** । एक ऐसा कार्यक्रम जहाँ पर प्रश्न मंच भी हो, सामाजिक जागरूकता भी हो, पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी हो , शिक्षा का महत्व भी हो ,समसामयिक ज्ञान भी हो ,शिक्षा के क्षेत्र से दूर हो जाने वाले छात्रों को पुनः मुख्य धारा में लाने की अवधारणा भी हो ,बच्चों व महिलाओं को शोषण एवं उत्पीडन् से बचाने हेतु जागरूकता भी हो तो निश्चित रूप से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है ।

ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया उड़ान संस्था के द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाहरगढ में , जिसमें उपरोक्त बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रश्न मंच के दौरान पुरस्कार भी वितरित किए गए। संस्था के प्राचार्य जोरावर सिंह पंवार द्वारा उड़ान संस्था की पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी गई एवं मनोहर लाल दुदरेचा व रविकांत राठौर द्वारा कार्यक्रम का संचालन कर आभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त अवसर पर स्टाफ के समस्त सदस्य मौजूद रहे। छात्रों ने बड़े ही उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

## ग्रामीण क्षेत्रो में फिर मंडराने लगा बिजली कटौती का संकट

**भानपुरा (मन्दसौर)** । ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह हाड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शहरी व अन्य क्षेत्रों में बिजली की डिमांड में बडोंतरी होने लगी, लोड मैनेजमेंट बडने् लगा, ऐसे में बिजली विभाग आनन फानन में ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली कटौती की ओर लगाता बड़ता जा रहा है । बिजली कटौती से किसानों व आमजनों को काफी समस्याओं से जूंझना पड़ रहा है, वही विगत दिनों से रात्रि में बिजली कटौती होने से ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी भी होने की आशंका जताई जा रही हैं । उक्त समस्याओं को सार्वजनिक करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरा के अध्यक्ष विरेन्द्रसिंह हाड़ा ने बिजली विभाग व शासन प्रशासन से मांग की है, की 2 शिफ्ट में बिजली दी जाए 4 घण्टे रात्रि व 6 घण्टे दिन के समय ताकि किसान आसानी से खेती का कार्य कर सके, अगर आगामी दिनों में बिजली कटौती की समस्याओं से किसानों व आमजनों को राहत नही मिलती है तो, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरा जल्द ही किसानों व आमजनों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी बिजली विभाग व शासन प्रशासन की रहेगी।

# जब-जब भी होता हैं निरीक्षण तो जिला अस्पताल मिलता हैं बेह्तर

**मंदसौर।**

एनक्यूएएस राज्य स्तरीय सर्विलेन्स टीम ने जिला चिकित्सालय मंदसौर का 7 एवं 8 नवम्बर को निरीक्षण किया। सर्विलेन्स टीम में डॉ. गोपाल कटारा एवं डॉ. निरूपा झा एक्सटरनल असेसर द्वारा जिला चिकित्सालय मंदसौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्विलेन्स टीम ने जिला अस्पताल के बेहतर कार्य और बेस्ट प्रेक्टिस की सराहना की।





ज्ञात हो कि जब-जब भी होता हैं निरीक्षण तो जिला अस्पताल मिलता हैं बेहतर । निरीक्षण के अलावा अन्य दिनों में जिला अस्पताल की स्थिति से सभी परिचित हैं ही खास बात ये हैं कि निरीक्षण टीम ने लेबर रुम व ऑपरेशन थियेटर के प्रोटोकॉल व उनके रिकार्ड संधारण की सराहना की !

निरिक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. सौरभ मण्डवारिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री राकेश शर्मा, आरएमओ डॉ. अरविन्द वर्मा, सहायक आरएमओ डॉ. आशीष वर्मा, डॉ.डी. के. पिप्पल, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. सौरभ शर्मा, मेट्रन एवं अन्य चिकित्सक, नर्सिंग स्टॉफ एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। लेबर रूम एवं ऑपरेशन थियेटर मे पालन किए जा रहे प्रोटोकॉल व उनके रिकार्ड संधारण को सराहा गया। पीआईसीयू वार्ड मे चिकित्सको द्वारा मरीज का ईलाज, मरीज के परिजनो के साथ जुडकर किए जाने एवं किसी मरीज की मृत्यु हो जाने पर उसे सबंल बंधाने का कार्य किए जाने की प्रशंसा की गई। ब्लड बैंक एवं पेथॉलाजी लेब ऑटोमेटेड सिस्टम से रक्तदान प्रदान एवं मरीजो की जाँच किए जाने की तकनिक को सराहा गया। कलेक्टर ने आयुष्मान कक्ष का निरिक्षण किया, निरिक्षण के दौरान आयुष्मान कक्ष तक पहुँचने के लिए फर्श एवं दिवार पर लगाए गए संकेतों को हितग्राहीयो के लिए सुविधा जनक बताया गया एवं इसे और प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों से चर्चा की। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड की प्रक्रिया एवं आयुष्मान कार्ड से प्राप्त होने वाली सुविधाओ के बारे मे बताया। मेटरनिटी विंग एवं लेबररूम का निरिक्षण किया एवं वहाँ प्रदाय किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का निरिक्षण किया गया, निरिक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को स्वंय जाँच कर सराहा गया।अस्पताल परिसर में बन रहे एमसीएच बिल्डिंग का निरिक्षण किया गया एवं निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर एमसीएच बिल्डिंग मे प्रसुति स्त्री रोग विभाग एवं शिशु रोग विभाग को स्थानांतरित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## 12 नवम्बर को स्वर्णकार समाज का महाकुंभ मंदसौर में, देश भर से आयेंगे समाजजन

**मन्दसौर।**

श्री मेड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जनकूपुरा पंचायत मंदसौर द्वारा 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 2024 का आयोजन 12 नवम्बर 2024, मंगलवार को देवउठनी एकादशी पर सरस्वती विद्या मंदिर के सामने संजीत रोड़, मंदसौर पर किया जा रहा है। इस महाआयोजन में देशभर से समाजबन्धु एकत्र होंगे तथा इस दौरान 21 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य के साथ तुलसी विवाह समारोह रखा गया है।

उक्त जानकारी देते हुए सामूहिक विवाह समिति के संरक्षक, स्वर्णकलाबोर्ड के सदस्य एवं समाज के जिलाध्यक्ष अजय सोन, सामूहिक विवाह समिति व जनकूपुरा पंचायत के अध्यक्ष विजय सोनी मेलखेड़ावाला, उपाध्यक्ष भवानीशंकर सोनी मिड इंडिया, रामचन्द्र सोनी धुंधडक़ावाला, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल सोनी रतलाम ज्वेलर्स, सचिव जगदीश सोनी अठाना वाला व सहसचिव जितेन्द्र कुमार सोनी धुंधडक़ावाला ने बताया कि 12 नवम्बर को प्रातः 9 बजे गणपति स्थापना, प्रातः 10 बजे समाज का प्रीतिभोज, प्रातः 10.30 बजे तुलसी विवाह बोली, दोप. 12.30 बजे सम्मेलन स्थल सम्मेलन स्थल से श्री चारभुजानाथ भगवान की बारात, दोप. 12.45 बजे तोरण, दोप. 1.15 बजे पाणिग्रहण संस्कार होगा उसके पश्चात 21 कन्याओं का निःशुल्क सामूहिक विवाह एवं तुलसी विवाह समारोह आयोजित होगा। इस सम्मेलन में विवाह करने वाली कन्याओं से कोई राशि नहीं ली गई है।

सम्मेलन में वर-वधू को आशीर्वाद हेतु मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. शासन के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, म.प्र. स्वर्णकला बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा श्री दुर्गेश सोनी रेहटी, विधायक श्री विपिन जैन, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, भोपाल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री कृष्णमोहन सोनी, भोपाल, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया, म.प्र. शासन के संसदीय सलाहकार श्री देवेन्द्र वर्मा भोपाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में अ.भा. श्री मेड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगदीश मायछ हैदराबाद, राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुलीचन्द सोनी पिपाड़ सहित समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

सामूहिक विवाह समिति के मंत्री कमलेश सोनी लाला, हरिश सोनी अपना वाला, उपकोषाध्यक्ष कारूलाल सोनी टायरवाला, परामर्शदाता आदि ने समाजजनों से सामाजिक गरिमामय कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर वर वधु को आशीर्वाद देने की अपील की है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मुथा फाउंडेशन विद्या भारती मानक परिषद् मूल्यांकन हुआ

**शामगढ़ (मन्दसौर)** । विद्या भारती मालवा प्रतिष्ठान मंदसौर विभाग अंतर्गत शामगढ़ सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर में मुथा फाउंडेशन विद्या भारती मानक परिषद् मूल्यांकन हुआ । मानक परिषद् अवलोकन हेतु असेसर के रुप में राघवेन्द्र देराश्री (विभाग समन्वयक मंदसौर विभाग) एवं को असेसर के रुप में गोपाल शर्मा (प्राचार्य ढ़ोढर) ने प्रथम दिवस समिति सदस्य,लेखा विभाग,परीक्षा विभाग एवं प्राचार्य प्रवीण पुरोहित प्रधानाचार्य गोपाल डीगा के साथ प्रारंभिक बैठक कर मूल्यांकन प्रारम्भ किया। द्वितीय दिवस में मानक परिषद् के मूल्यांकनकर्ता के अनुसार प्रातः 8.00 बजे से असेसर एवं को-असेसर द्वारा व्यापक मूल्यांकन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम प्रार्थना सभा का मूल्यांकन हुआ एवं भैया/बहिनों के साथ संवाद किया गया , प्रतिभावान भैया/बहिनो के साथ मूल्यांकन बैठक,आचार्य परिवार के साथ मूल्यांकन बैठक,भैया/बहिनों के अभिभावकों के साथ मूल्यांकन बैठक,प्रयोगशाला का मूल्यांकन एवं विद्यालय के समिति सबन्धित ,आर्थिक सबन्धित, परीक्षा सबन्धित, शैक्षिक सबन्धित,कार्यालय सबन्धित एवं पूर्व छात्र सबन्धित दस्तावेजों का मूल्यांकन किया गया अंत में पूर्व छात्रों के साथ मूल्यांकन बैठक आयोजित की गई । तृतीय दिवस में आचार्य परिवार संबंधित अभिलेखों,कार्यालय संबंधित अभिलेखों, स्वच्छता - सुरक्षा संबंधी अभिलेखों, प्रायोगिक पुस्तकालय अभिलेखों का मूल्यांकन किया गया एवं अंत में विद्यालय की विवेकानंद शिक्षण समिति के साथ बैठक कर मानक परिषद् मूल्यांकन का समापन किया गया। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख पीरु सिंह पड़िहार ने दी।

## अब मंडी में सभी कर्मचारियों को ड्रेस कोड व पहचान पत्र दिए जाएंगे

**मंदसौर** । विगत दिनों सांसद सुधीर गुप्ता ने कृषि उपज मंडी में जिले के मंडी अधिकारियों, किसानों, व्यापारियों, हम्माल संघ, तुलावटी संघ के साथ एक बैठक ली थी, जिसमें सभी ने यह मांग रखी थी जिस पर सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा प्रशासन को संज्ञान में लाया गया की मंडी कर्मचारी निरीक्षक और सफाई कर्मचारियों का ड्रेस कोड होना जरूरी है ताकि असामाजिक तत्वों के मंडी में प्रवेश पर लगाम लगाई जा सके। इस पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कल संज्ञान लेते हुए मंडी बोर्ड की बैठक में इस तरह के आवश्यक नियमों पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंडी बोर्ड को निर्देशित किया गया कि अब सभी मंडी कर्मचारी ड्रेस में रहेंगे। वहीं सांसद सुधीर गुप्ता ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को सभी वर्ग द्वारा दिए गए सुझाव को मानने पर शहर के व्यापारियों, किसानों, हम्माल संघ, तुलावटी संघ की ओर से धन्यवाद प्रेषित किया है। सांसद गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सचिवों को आदेश देते हुए कहा कि मंडियों में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर कड़ाई से रोक लगाई जाए, क्योंकि मंडियों में कृषकों एवं व्यापारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं तथा सुरक्षा का वातावरण उपलब्ध कराना मंडी समिति का दायित्व है, इसलिए मंडी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के प्रवेश से कोई अप्रिय घटना न हो। इसके लिए हम्मालों, तुलावटियों और सर्फाइ कर्मचारियों को पहचान पत्र दिए जाएंगे और घटना होने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मंडी निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक और सुरक्षाकर्मी निर्धारित ड्रेस में रहेंगे और रात्रिकालीन गश्त की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी, मंडी प्रांगण में विद्युत व्यवस्था भी सुचारू रूप से उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने कहा कि इस सभी निर्देशों के बाद मंडी में किसानों और व्यापारियों में सुरक्षा का वातावरण रहेगा। सांसद गुप्ता ने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना।

## कार्तिक मेला : 636 में से 313 दुकानों का हुआ आवंटन

**मंदसौर।**

मंदसौर में 11 नवंबर के दिन एकादशी को भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के पाटोत्सव के साथ 62वें कार्तिक मेले की शुरुआत होगी। लेकिन, नगर पालिका अब तक दुकानों के आवंटन प्रक्रिया में उलझी है। मेले में लगने वाली 636 दुकानों में से 313 का ही आवंटन हो पाया है।



अब दोबारा आवेदन मांगे गए है, इनके लिए 8 नवंबर यानी आज शाम 5 बजे तक बंद लिफाफे में आवेदन लिए जाएंगे। बाकी बची 323 दुकानों का 10 नवंबर रविवार को आवंटन होगा । इन दुकानों में मनिहारी, सॉफ्टी और टिन वाली दुकानें शामिल हैं।

मेला सभापति भावना पमनानी और मेला अधिकारी पीएस धारवे ने बताया कि इन दुकानों के लिए एक भी आवेदन नहीं आए थे। इसलिए दोबारा रिकॉल किया गया है। इससे पहले नपा ने 636 दुकानों के लिए बंद लिफाफो में आवेदन मंगवाए थे। इसमें 323 दुकानों का ही आवंटन किया गया था।

नगर पालिका ने कार्तिक मेले को लेकर 636 दुकानें आवंटित की है। वहीं ढाई दिन के झोपड़े पर 138 दुकानें का ले आउट दिया है। इसमें से मनिहारी में 370 दुकानों में से 191 के लिए आवेदन आए 179 दुकानें खाली है। वहीं सोटी में 36 दुकानों में से 22 के लिए आवेदन आए 14 खाली है। होटल में 96 दुकानों में से 58 के आवेदन आए, 38 दुकानें खाली है। चंद्रपुरा टीन शेड की 78 दुकानों में से 8 के आवेदन आए 70 खाली है। झूले-चकरी में 56 में से 34 के आवेदन आए 22 खाली है। साथ ही ढाई दिने के झोपड़े की 138 दुकानों के लिए 153 आवेदन आए है। इस तरह कुल 323 दुकानों के लिए फिर से बंद लिफाफे में आवेदन मंगवाए है।

### गड़बड़ी रोकने के लिए बनाए नियम

बता दें कि, हर साल लॉटरी सिस्टम से मेले में भूखंडों का आवंटन होता आया है। इसमें कई बार गड़बड़ी के आरोप लगते थे। इस बार नगर पालिका ने बंद लिफाफों में आवेदन मंगवाए थे, इनमें जिसकी राशि ज्यादा थी, उन्हें भूखण्ड का आवंटन किया जाना था। मेला अधिकारी पीएस धारवे ने बताया कि बची हुई 323 दुकानों के लिए रिकॉल किया गया है। 10 नवंबर को दुकानों का आवंटन होगा।

## चुनाव प्रक्रिया से ज्यादा समन्वय के साथ चयन प्रक्रिया करें : तिवारी

**मंदसौर।**

मध्य प्रदेश भाजपा संगठन के मंशानुरूप मंदसौर जिले के प्रत्येक मंडल में संगठन पर्व 2024 अंतर्गत संगठनात्मक चुनाव के दृष्टिकोण से कार्यशालाएं सभी मंडल में निरंतर जारी है।

### भाजपा उत्तर मण्डल मंदसौर की संगठन पर्व 2024 कार्यशाला संपन्न

इसी क्रम में आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर भाजपा उत्तर मंडल की आवश्यक कार्यशाला संगठन पर्व चुनाव मंडल सहयोगी अजय तिवारी, मंडल प्रभारी दिलीप गुप्ता के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में मंच पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय सुराना, नपा. उपाध्यक्ष नम्रता चावला उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने की। बैठक के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात उत्तर मंडल भाजपा के



कार्यकर्ताओं पदाधिकरियों द्वारा अतिथि गणों का स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल संगठन चुनाव सहयोगी एंव भाजपा जिला मंत्री अजय तिवारी ने बताया कि आपके मंडल के प्रत्येक शक्ति केन्द्र की आगामी 12, 13 ,14 नवंबर को कार्यशाला संपन्न हो जाए एंव 14 से 20 नवंबर के बीच प्रत्येक बूथ की 11 सदस्यीय बूथ समिति का गठन हो जिसमें 3 महिलाएं, एक मन की बात प्रभारी, एक लाभार्थी प्रभारी, एक सोशल मीडिया प्रभारी सहित अध्यक्ष, महामंत्री एवं बी.एल.ए.2 बनाया जाए जिसमें सामाजिक समरसता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने मंडल की संरचना से अवगत कराते हुए मंचस्थ अतिथि गणों को बताया कि हमारे मंदसौर उत्तर मंडल में 06 शक्ति केन्द्र है और आगामी कार्यो हेतु हमने प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर मंडल से बाहर निवास करने वाले वरिष्ठ पदाधिकारियों को शक्ति केन्द्र चुनाव सहयोगी बना कर भेजा गया है। बैठक में पुलकित पटवा, बंटी चौहान, आशीष गौड, भानुसिंह सिसोदिया, रामेश्वर मकवाना, भारती पाटीदार, नरेन्द्र बंधवार, दिनेश नागर, अंबालाल चौहान, शक्ति केंद्र सहयोगी, मंडल मोर्चा ,पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## आज़ाद में अमन और राशा की दमदार भूमिका



आज़ाद की घोषणा के बाद से ही अभिषेक कपूर की आने वाली बिग स्क्रीन एडवेंचर के लिए उत्सुकता बढ़ गई है. दिवाली रिलीज़ फिल्मों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज़ एक्सक्लूसिव टीज़र को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली हैइस फिल्म से अमन देवगन और राशा थडानी इंट्रोड्यूस हो रहे हैं. आज़ाद में सुपरस्टार अजय देवगन भी एक दमदार भूमिका में हैं. उनके साथ प्रतिभाशाली डायना पेंटी भी हैं. यह बिग स्क्रीन एडवेंचर दर्शकों को एक पूरी तरह से नई सिनेमाई दुनिया में ले जाने के लिए तैयार है.

## चैंपियंस का टशन'



, 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर बनाम सुपर डांसर- चैंपियंस का टशन' लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो डांस की सुप्रिमसी के लिए एक रोमांचक बैटल में इंडियाज़ बेस्ट डांसर के अनुभवी प्रतियोगियों और सुपर डांसर की युवा प्रतिभाओं को आमने-सामने खड़ा करता है। यह शो 16 नवंबर से हर शनिवार और रविवार शाम 7.30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित होगा।रियलिटी यॉनर के लिए नए दृष्टिकोण के साथ, इस शो का लक्ष्य उन लोगों के सब्र और मेहनत को दर्शाकर दर्शकों का दिल जीतना है, जिन्होंने उम्र की परवाह किए बिना उत्कृष्टता हासिल की है। यह शो डांस का उत्सव होगा, जिसमें प्रतियोगी अपनी सीमाओं का विस्तार करेंगे और 'अल्टीमेट चैंपियन' के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए सप्ताह-दर-सप्ताह हैरान करने वाले परफ़ॉर्मेंस देंगे।

## दीपिका ने वीडियो शेयर कर बताया वर्कआउट का महत्व



छोटे परदे की अभिनेत्री दीपिका सिंह ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक मंडे मोटिवेशन वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री इस वीडियो में वह सुपरसेट्स करते हुए पैरों और हाथों का वर्कआउट कर रही हैं। इस वर्कआउट के महत्व पर जोर देते हुए दीपिका ने बताया कि सुपरसेट्स का अभ्यास मांसपेशियों की सक्रियता को बढ़ाता है, जिससे मांसपेशियों की वृद्धि और ताकत में सुधार होता है। सुपरसेट्स के फायदे बताते हुए दीपिका ने कहा कि यह सेट्स के बीच आराम की अवधि को घटाकर कम समय में अधिक व्यायाम करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, यह हार्ट रेट को बढ़ाकर कैलोरी बर्न और कार्डियोवस्कुलर फिटनेस में सुधार करता है। दीपिका ने वीडियो में एथलेजर पहन रखा था और हल्के वजन के साथ एक्सरसाइज कर रही थीं। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा कि सुपरसेट्स न केवल कसरत के समय को कम करते हैं, बल्कि हृदय की स्थिति को भी बेहतर बनाते हैं। अभिनेत्री का यह वीडियो उनके प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## 'दुर्गा' अब रात 8:30 बजे प्रसारित होगा!



शो 'दुर्गा- अटूट प्रेम कहानी' एक नए समय में ड्रामा की नवीन डोज़ देने के लिए तैयार है! दुर्गा के रूप में प्रणाली राठौड़ और अनुराग के रूप में आशय मिश्रा अभिनीत, प्रशंसकों का यह पसंदीदा रोमांस अब 6 नवंबर से हर रात 8:30 बजे प्रसारित होगा। समय में यह बदलाव होने से, दुर्गा और अनुराग की असंभव प्रेम कहानी के फैंस नए ट्विस्ट और टर्न से भरे नए अध्याय की उम्मीद कर सकते हैं। एक ऐसी व्यक्ति के रूप में जो अपने मन की बात कहने से नहीं कतराती है, प्रणाली न केवल अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि एक गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए भी शो का उपयोग कर रही हैं। भले ही उनका किरदार दुर्गा अपने पति राजेश की बढ़ती प्रताड़ना को झेल रहा है, लेकिन प्रणाली घरेलू हिंसा का पुरजोर विरोध करती हैं, और इस बात पर ज़ोर देती हैं कि किसी को भी इस तरह के दुर्व्यवहार को सहन नहीं करना चाहिए।

## कशिका को मिला बड़ा बॉलीवुड प्रोजेक्ट



निर्माता विवेक सिंघानिया, जो 90 के दशक के अंत और 2000 के शुरुआती वर्षों की हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब एक निर्देशक के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में वापसी करने वाले हैं। सिंघानिया, जिन्होंने नमस्ते लंदन और ना तुम जानो ना हम जैसी आइकॉनिक फिल्मों का निर्माण किया, इस बार एक रोमांटिक-कॉमेडी के साथ लौट रहे हैं। उनकी इस नई फिल्म में उभरती हुई अदाकारा कशिका कपूर मुख्य भूमिका में होगी, जिसने आयुष्मति गीता मैट्रिक पास में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता था।कशिका कपूर, जिन्होंने अपनी आकर्षक शख्सियत और अभिनय कौशल से पहले ही इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली है, ने इस नए प्रोजेक्ट में काम करने के लिए अपनी खुशी जाहिर की।

## झलकता है ज्योति का आकर्षण



अभिनेत्री ज्योति सक्सेना सही मायने में एक हत्यारी और हड़बड़ी करने वाली रही हैं। अपने करियर की शुरुआत से ही करिश्माई और प्रतिभाशाली अभिनेत्री ने जो कुछ भी किया है उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ऑन-स्क्रीन एक प्रभावशाली कलाकार होने से लेकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में विभिन्न अवसरों पर अपनी शैली के साथ ओम्फ गेम में आग लगाने तक, वह अपना सर्वश्रेष्ठ और अच्छी तरह से करती है, प्रयासों को निश्चित रूप से मान्यता और सराहना मिलती है।जहाँ तक उनके फैशन खेल का सवाल है, वह एक ऐसी कलाकार हैं, जिनके पास वास्तव में जातीय परिधानों के साथ-साथ फैशनेबल पश्चिमी अवतारों दोनों में अभिनय करने के लिए गर्मजोशी और आकर्षण है।


## राधिका ने पहना 12 किलो का ब्राइडल लहंगा!

शो %मैं दिल तुम धड़कन% अब एक नए रोमांचक मोड़ पर पहुँच गया है, जहाँ वृंदा और केशव, कान्हा के लिए शादी के बंधन में बंध गए हैं। इस शो में वृंदा की भूमिका निभा रही राधिका मुथुकुमार ने हाल ही में हुई एक ख़ास बातचीत में खुलासा किया कि इस शादी के सीन में उन्होंने जो लहंगा पहना था उसका वजन लगभग 12 किलो का था, जो उनके लिए एक बड़ा चैलेंज साबित हुआ। लेकिन राधिका ने इस चुनौती को दिल से अपनाया, जिससे उन्होंने इस दृश्य को बड़ी खूबसूरती और वास्तविकता के साथ प्रस्तुत किया। इस अनुभव ने वृंदा की यात्रा को और भी यादगार और मजबूत बनाया। शादी वाले सीक्वेंस के लिए कॉस्ट्यूम डिपार्टमेंट ने वृंदा के ब्राइडल लुक के लिए एक खूबसूरत 12 किलो का लहंगा और भारी आभूषण तैयार किए थे। ये पहन कर मुझे असली दुल्हन जैसा एहसास हो रहा था। लहंगा बहुत भारी था, लेकिन ये अनुभव बहुत मजेदार भी था। मैंने अपनी कई तस्वीरें अपने पति को भेजीं, जो उस पल की खुशी को साझा कर रही थी।





## मुझे नहीं लगता कि काम इंस्टाग्राम से आता है



अभिनेता और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक के चचेरे भाई ऋषभ चौहान, जिन्होंने शो इश्क़ जबरिया के साथ अपना टीवी डेब्यू किया है, जहां वे आदित्य (लक्ष्य खुराना ) के चचेरे भाई रित्विक का किरदार निभा रहे हैं। अभिनेता ऋषभ चौहान ने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि काम इंस्टाग्राम से आता है। आपको विज्ञापन, प्रमोशनल डील्स या एंडोर्समेंट्स मिल सकते हैं और उनमें अपने फायदे होते हैं, पर अगर आप सोचते हैं कि इससे डायरेक्ट एक्टिंग के काम मिलेंगे, तो ऐसा नहीं है। एक कलाकार बनने के लिए टैलेंट होना जरूरी है। आपको सचमुच किरदार में ढलना होता है, क्योंकि यहाँ केवल कैमरे के सामने एक रील नहीं बन रही होती है, यहां आप परफॉर्म कर रहे होते हैं। अगर आप अच्छी परफॉर्मेंस नहीं देंगे, तो बहुत कुछ दांव पर होता है। चैनल का पैसा दांव पर होता है। उदाहरण के तौर पर अभिनेता रणबीर कपूर जैसे कई बड़े सफल कलाकार भी हैं जो इंस्टाग्राम पर नहीं हैं।

## मियां बीवी राजी की करनगे पाजी का म्युज़िक लॉन्च

गायक हंसराज हंस के बेटे पंजाबी फिल्मों के स्टार युवराज हंस, अभिनेत्री शहनाज सेहर और डॉ अनिल के. मेहता स्टारर कॉमेडी पंजाबी फिल्म मियां बीवी राजी की करनगे पाजी का हास्य से भरपूर ट्रेलर और मधुर म्युज़िक मुंबई में लांच कर दिया गया। 29 नवम्बर को यह फ़िल्म पंजाब सहित देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।



फ़िल्म के ट्रेलर और गीतों को सभी ने खूब पसन्द किया। ट्रेलर व म्युज़िक लॉन्च के अवसर पर निर्माता डॉ अनिल के. मेहता, एक्ट्रेस शहनाज सेहर, लेखक निर्देशक हैरी फर्नांडीस और कपिल शर्मा शो फेम एक्टर दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।फिल्म के प्रोड्यूसर डॉ अनिल मेहता ने कहा कि यह एक सिचुएशन कॉमेडी फिल्म है। इस प्रकार की फिल्में पंजाब में दर्शक देखते और पसन्द करते हैं। इस पिक्चर में पंजाब का रंग, पंजाबी गीत आपको देखने को मिलेंगे। आजकल के तनाव भरे माहौल में यह फ़िल्म सबको हसाएगी।

## 'सिकंदर का मुकद्दर' 29 को प्रसारित होगी

नेटफ्लिक्स का क्राईम ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर सभी का इंतजार खत्म करते हुए 29 नवंबर को प्रसारित होने वाला है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, और राजीव मेहता मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इस फिल्म में पांडे ने अपने सिग्नेचर स्टाईल में नेटफ्लिक्स के दर्शकों के लिए कहानी को बहुत दिलचस्प बना दिया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक चोरी, एक पुलिस अधिकारी के इंस्टिंक्ट्स, और 15 साल तक पीछा करने की रोचक कहानी एक रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इससे पहले नीरज पांडे ने नेटफ्लिक्स के साथ खाकी:बिहार चैप्टर के लिए काम किया था। इस क्राईम और पीछा करने की कहानी के साथ उन्होंने नेटफ्लिक्स पर अपनी वापसी की है।




## राधिका मदान सूबेदार में



अभिनेत्री राधिका मदान ने बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म सूबेदार की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें उनके साथ दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्मकार सुरेश त्रिवेणी ने किया है, जिसमें राधिका मदान श्यामा का किरदार निभा रही हैं, जो अनिल कपूर के किरदार सूबेदार अर्जुन मौर्य की बेटी है। सूबेदार÷ के कुछ महत्वपूर्ण दृश्य लखनऊ में फिल्माएगी।श्यामा के रूप में राधिका को देखना दिलचस्प होगा, जो अर्जुन मौर्य की दृढ़ और साहसी बेटी का किरदार निभा रही हैं। पिता-पुत्री की इस जोड़ी का फिल्म में भावनात्मक पहलू को पर्दे पर लाने की उम्मीद है।

## मुझे खुद को चुनौती देना पसंद है



महाभारत टीवी सीरीज़ में अर्जुन के रूप में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध अभिनेता शहीर शेख को फिल्म दो पत्ती में ध्रुव सूद के उनके किरदार के लिए बहुत सराहना मिल रही है, जो उनके बॉलीवुड डेब्यू का भी प्रतीक है और उनके विविध भूमिकाओं को निभाने की क्षमता को दर्शाता है। अपने गहन और भयावह प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले शेख ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को मोहित किया है।हाल ही में एक इंटरव्यू में, शहीर से पूछा गया कि उन्होंने ग्रे कैरेक्टर निभाने का निर्णय क्यों लिया, जो उनके सामान्य ÷चॉकलेट बॉय÷ किरदारों से बिल्कुल अलग है। ÷साथ ही, इससे मुझे कई तरह की भावनाएं व्यक्त करने का मौका मिलता है। मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक अच्छा, चुनौतीपूर्ण किरदार होगा। और मुझे खुद को चुनौती देना पसंद है, मुझे लगता है।






## अंतिम संस्कार की फ्री योजनाएं

बहनों और भाइयों! सिर्फ दलदल पार्टी को ही वोट दीजिए क्योंकि हमारी पार्टी ही एकमात्र है जो हर एक मृतक का ध्यान रखेगी। मरने वाले को किसी प्रकार की कोई दुविधा ना हो इसके लिए समुचित उपाय करेगी। हमने मुफ्त अंतिम संस्कार योजना बनाई है, जिसमें गरीब परिवारों के लिए अंतिम संस्कार का खर्च सरकार द्वारा किया जाएगा। अंत्येष्टि स्थल सुधार योजना में बढ़िया क्वालिटी के श्मशान और कब्रिस्तान बनाए जाएंगे, ताकि मरने वाला बेखबर होकर शांति से मर सके। हर एक मोहल्ले में शोक सहायता समूह बनाकर सरकारी कर्मचारियों का समूह मृतक के घर रोने के लिए भिजवाया जाएगा। ये सभी सुविधाएं मुफ्त होगी। सिर्फ वोट हमें ही दीजिए!

दोस्तों हमारी सरकार बनते ही अंतिम संस्कार के लिए मुफ्त वाहन सुविधा की सुविधा दे दी जाएगी। ये वाहन इतने बड़े होंगे कि इनमें मृतक के साथ उसका पूरा परिवार भी बैठ सकेगा। हमारी अंत्येष्टि अनुदान योजना के तहत आगामी 5 वर्षों तक गरीब परिवारों के लिए श्मशान भूमि के निःशुल्क उपयोग की सुविधा दी जाएगी। सरकार श्मशान कब्रिस्तान का उपयोग करने पर कोई टैक्स नहीं लेगी। यही नहीं मृतकों के जीवन को सुरक्षित करने के लिए उनके लिए मृतक स्मारक निर्माण योजना के तहत मुफ्त सामुदायिक स्मारकों का निर्माण किया जाएगा।

याद रखिए। हमारी पार्टी ही ऐसी पार्टी है, जो श्मशान में अंतिम संस्कार की हर प्रकार की लागत राशि के निवारण के लिए सारा काम मुफ्त में करेगी। शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना भंडारों की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। संवेदना जगाने के लिए आने वाले संवेदनार्थियों के लिए मुफ्त चाय, पानी और भोजन की व्यवस्था सरकारी स्तर पर की जाएगी। मृतक की सामाजिक औकात के अनुसार उसके अंतिम संस्कार में उपयोग होने वाले सामानों का मुफ्त वितरण किया जाएगा। हमारी लोकप्रिय मुफ्त अंतिम संस्कार कक्ष योजना के तहत अंतिम संस्कार के लिए श्मशान में विशेष आकर्षक एवं सजावटी कक्षों की सुविधा प्रदान की जाएगी। संवेदना सहारा योजना के तहत परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तीये, 12वें, 40वें आदि की बैठक में मुफ्त सरकारी इंतजाम किए जाएंगे।

जो भी व्यक्ति अंतिम संस्कार में भाग लेगा उसे राजकीय अतिथि मानकर तीन दिन का यात्रा, भोजन एवं रुदन भत्ता दिया जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के लिए अंतिम संस्कार में जाने वाले लोगों के लिए रास्ते में जगह-जगह खाने-पीने व मनोरंजन की व्यवस्था सरकार की तरफ से फ्री में की जाएगी। शोक समय परिवार को एकजुट करने के लिए पारिवारिक पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। डिजिटल युग में ऑनलाइन प्लेटफार्म शोक केंद्र बनाए जाएंगे। मृतक की अर्थी के साथ-साथ फ्री इंटरनेट की व्यवस्था की जाएगी। मृतक के जलने और दफन होने के मौके पर फुल स्पीड से इंटरनेट मुफ्त में दिया जाएगा। मृतक की याद में सरकारी तौर पर फ्री के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। और हां! मरते ही मृतक के ईमेल, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि अकाउंट गोपनीयता की शर्त पर फ्रीज कर दिए जाएंगे, ताकि वह निश्चिंत होकर मर सके। मृतकों से अनुरोध है कि मरने से पहले वे सिर्फ हमें ही वोट देकर मरें।

**रामविलास जांगिड़,18, उत्तम नगर, घूघरा, अजमेर (305023) राजस्थान**

# सरकारी कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड होगा पूरी तरह डिजिटल

## एक क्लिक पर मिलेगी प्रदेश के सात लाख सरकारी कर्मचारियों की जानकारी

इंदौर। मप्र सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग राज्य के सात लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड को पूरी तरह से डिजिटल करने जा रहा है। यह पूरा काम इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की सेवा संबंधी जानकारी को एक जगह सुरक्षित और सुलभ बनाना है, जिससे पेंशन, प्रमोशन, वेतन और ट्रांसफर से जुड़ी सारी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगी।



इस नई व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों को भी बेहतर मॉनीटरिंग करने में आसानी होगी। यह पोर्टल कर्मचारियों के सेवा में आने के समय से उनके आधार कार्ड से लेकर उनके पहले वेतन पाने के बाद उनकी नियुक्ति, प्रमोशन तक की जानकारी सब कुछ एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा। यह सिस्टम प्रत्येक कर्मचारी के खिलाफ लगे चार्जेस, प्रमोशन की स्थिति, पेंशन से जुड़ी आवश्यक जानकारी और उनके ट्रांसफर रिकॉर्ड्स भी तुरंत बता देगा।

### कर्मचारियों को आसानी से मिलेगा अपना रिकॉर्ड

इस सुविधा से कर्मचारियों को पेंशन प्रक्रिया में किसी दफ्तर के चक्कर नहीं काटने होंगे।

पेंशन से जुड़े सभी दस्तावेज और जानकारी अपडेटेड फॉर्मेट में उपलब्ध होगी। कर्मचारी अपने वेतन, भत्ते, एरियर सही मिल रहे है या नहीं सब कुछ जान सकेंगे। उनके प्रमोशन और अन्य सुविधाओं का रिकॉर्ड की भी जानकारी पोर्टल पर रहेगी।

### विभाग को निर्णय लेने में होगी आसानी

सामान्य प्रशासन विभाग के ह्यमून रिसोर्स पोर्टल के जरिए कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ लगे चार्जेस और उनके खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी उपलब्ध होगी।

इससे विभाग उनको नियुक्ति को लेकर निर्णय ले सकेगा कि उनको कहा तैनात करना है या कहां नहीं। साथ ही उनके वेतन, प्रमोशन से लेकर विभागीय जांच की स्थिति की मॉनीटरिंग करने में आसानी होगी।

### एक माह में रिकॉर्ड पोर्टल पर आ जाएगा

सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने बताया कि एक महीने में पूरा रिकॉर्ड पोर्टल पर आ जाएगा। इसमें हर कर्मचारी की नियुक्ति से लेकर उनके सेवानिवृत्त होने तक की पूरी जानकारी अपलोड होगी। इससे कर्मचारियों के साथ ही विभाग को भी जानकारी देखने और कोई निर्णय लेने में आसानी होगी।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा जो ई ऑफिस बनाने की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है। पूरी तरह से कंप्यूटराइड नहीं हो पाए। अब यदि होता है तो हम उसका स्वागत करते हैं, लेकिन इसके लिए ठोस तरीके से काम करने और इच्छाशक्ति की जरूरत है।

# कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी की अनुशंसा पर जाति विशेष के व्यक्तियों की स्थापना को निरस्त करने की चुनाव आयोग से मांग की

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने प्रदेष के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को विजयपुर में आसन्न उपचुनाव के संबंध में षिकायत प्रेषित करते हुये विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी के स्थानांतरण की मांग के संबंध में हेमंत कटारे, उप नेता प्रतिपक्ष के पत्र दिनांक 5.11.2024 एवं अन्य अधिकारियों के स्थानांतरण के संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है।

### प्रशासन स्तर पर हो रही अनियमितताओं पर रोक लगायी जाये-धनोपिया

श्री धनोपिया ने कहा कि श्योपुर कलेक्टर नियुक्त होने के पूर्व वे मंत्री रामनिवास रावत जो कि भाजपा प्रत्याशी है उनके अधीनस्थ कार्य कर रहे थे तथा चुनाव की घोषणा के मात्र 5 दिवस पूर्व ही योजनाबद्ध तरीके से उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर में तैनात किया गया है जो स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि वे भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में उनके प्रयासों से ही उन्हें पदस्थ कराया गया है इसलिए उनका तत्काल स्थानांतरण कराया जाना आवश्यक है।

म.प्र. कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व में भी कई अन्य अधिकारियों से संबंधित स्थानांतरणों के लिए मान. चुनाव आयोग को पत्र प्रेषित कर मांग की गई है कि उन्हें चुनाव प्रक्रिया से अलग कर तत्काल स्थानांतरण किया जावे जिनका विवरण निम्नानुसार है।



श्री धनोपिया ने कहा कि जाति विशेष से संबंधित 46 बीएलओ को अनावश्यक परिवर्तित किए जाने की शिकायत एवं 9 बीएलओ मीणा/रावत भाजपा प्रत्याशी की अनुशंसा पर उनकी जाति विशेष के व्यक्तियों की स्थापना को निरस्त करने की मांग (पत्र क्रमांक 1165/24 दिनांक 18.10.2024), डॉ.. गजेन्द्र सिंह तोमर, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, मुरैना (पत्र क्रमांक 1179/24 दिनांक 22.10.2024), भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के सगे भाई भरत रावत एव रामप्रकाश रावत (परिवहन विभाग में पदस्थ) पत्र क्रमांक 1222/24 दिनांक 24.10.2024, श्रीमती अमिता तोमर, तहसीलदार, श्योपुर पत्र क्रमांक 1226/24 दिनांक 24.10.2024, लालजी राम मीणा (रावत) सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग श्योपुर (पत्र क्रमांक 1277/24 दिनांक 6.11.2024)

श्री धनोपिया ने कहा कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदेश के वन मंत्री रामनिवास रावत के चुनाव लड़ने के कारण शासकीय स्तर पर अनेको अनियमितताएं हो रही है जिसमें प्रशासन का पूर्ण सहयोग हो रहा है। इसलिए आपसे निवेदन है कि विधानसभा का उप चुनाव निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से कराए जाने के लिए आवश्यक है कि उपरोक्त सभी संबंधित अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण कराए जावे जिससे कि 13 नवम्बर को विजयपुर विधानसभा का मतदान निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न हो सके।

# नोटबंदी ने लोगों की कमर तोड़ दी इसके दुष्परिणाम आज भी नजर आ रहे



इंदौर। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने 9 नवंबर 2016 को लागू की गई नोटबंदी पर फिर हमला बोला। उन्होंने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए काला दिन बताते देते हुए कहा कि नोटबंदी ने देश की आर्थिक स्थिति खराब की और लोगों की कमर तोड़ दी और इसके दुष्परिणाम अब तक महसूस किए जा रहे हैं।

कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि नोटबंदी को 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी देश इसकी मार से उभर नहीं पाया है। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि नोटबंदी में सरकार ने जो उद्देश्यों की घोषणा की थी, जैसे कालेधन पर अंकुश, आतंकवाद पर काबू पाना और भ्रष्टाचार पर लगाम वह सभी झूठे साबित हुए। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के बाद करीब 99 फीसदी पैसा बैंकों में वापस आ गया जो यह साबित करता है कि कालेधन पर वार करने के सरकार के दावे पूरी तरह से गलत थे।

कमलनाथ ने नोटबंदी के दौरान गरीबों पर पड़े असर की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि नोटबंदी ने सिर्फ गरीबों की जेब और देश की अर्थव्यवस्था पर हमला किया। लाखों लोग अपनी छोटी-छोटी बचत भी खो बैठे हैं। सैकड़ों लोग कतारों में मारे गए, कई शादियां टूट गई लेकिन इस सरकार के पास नोटबंदी की सफलता के नाम पर सिर्फ झूठे दावे और आंकड़े हैं

उन्होंने कहा कि नोटबंदी के दौरान एक हजार रुपए के नोटों को बंद कर दो हजार रुपए के नोटों को चलन में लाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने इसे हास्यास्पद तर्क बताया और कहा कि दो हजार रुपए का नोट क्यों लाया गया और अब क्यों वापस लिया, इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

नोटबंदी के दौरान सरकार ने इसे काले धन, आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के उपाय के रूप में पेश किया था। कमलनाथ ने कहा कि इसके परिणाम ने केवल देश की जनता को कठिनाइयों में डाला, जबकि इसके उद्देश्य कहीं से भी सफल नहीं हुए हैं लोग आज भी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं।

# सहरिया आदिवासियों की 'इर्द-गिर्द' सिमटा विजयपुर चुनाव

## दलों ने उतारी आदिवासी नेताओं की फौज, सहरिया एक भी नहीं

इंदौर। प्रदेश में दो विधानसभा सीट बुधनी और विजयपुर में उपचुनाव हो रहे हैं। विजयपुर सीट पर फिलहाल संघर्ष की स्थिति बनती रही है। बेशक नेता अपने भाषणों में विकास, पिछड़ा, विनाश की बातें कर रहे हैं, लेकिन चुनावी समीकरण जातियों के हिसाब से ही बन रहे हैं। दोनों प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा नेताओं को जातियों के बीच उतार रहे हैं।



इसके बावजूद पूरा चुनाव सहरिया आदिवासियों के इर्द-गिर्द सिमट गया है। भाजपा ने विजयपुर में 5 मंत्री, सांसद, विधायक समेत सबसे ज्यादा आदिवासी नेताओं को उतारा है, लेकिन ये फिलहाल सहरिया आदिवासियों को लुभाने में सफल होते नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस भी आदिवासियों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

भाजपा बुधनी विधानसभा से ज्यादा विजयपुरी में ताकत झोंक रही है। सरकार के 5 आदिवासी मंत्री विजय शाह, संपतिया उइके, निर्मला भूरिया, नागर सिंह चौहान, राधा सिंह समेत, आदिवासी सांसद और विधायक विजयपुरी में डेरा डाले हुए हैं। विजयपुर विधानसभा में कराहल को आदिवासियों गांवों के लिए चुनाव मुख्यालय बनाया गया है। ज्यादातर नेता कूनो रेस्ट हाउस में ठहरकर चुनाव प्रचार में जाते हैं और वापस आ जाते हैं। फिलहाल विजयपुर के आदिवासियों का मूड समझ नहीं आ रहा है। वे नेताओं की भीड़ में सहरिया नेता ढूंढ़ रहे हैं, लेकिन पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी को छोडक़र कोई सहरिया नेता नहीं दिख रहा है। सीताराम भी सहरिया आदिवासियों के बीच ज्यादा प्रभावशील नहीं है।

### रामनिवास को खुद की छवि का मिलेगा फायदा

रामनिवास रावत ग्वालियर-चंबल के सबसे बड़े ओबीसी नेता हैं। उपचुनाव में कांग्रेस ने उन पर सौदेबाजी करने के सीधे आरोप लगाए हैं। रामनिवास के मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा की ज्यादा पकड़ नहीं है। कांग्रेस मुकेश के नाम पर सिर्फ सहरिया आदिवासी वोटों को भुनाने की कोशिश कर रही है। जबकि अन्य बड़ी जातियों पर कांग्रेस का ज्यादा जोर नहीं है। रामनिवास का रिश्तेदार, परिवार के लोगों की वजह से कुछ नुकसान की संभावना है, लेकिन खुद के व्यक्गित संबंधों का उन्हें चुनाव में ज्यादा लाभ मिलेगा। विजयपुर के हर गांव में हर समाज के बीच उनकी सीधी पकड़ है।

# अब एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी भाजपा

## महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस का दावा

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर महायुती और महाविकास अघाड़ी के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप बढ़ते जा रहे हैं। बीजेपी जहां दावा कर रही है कि गठबंधन की जीत के बाद अगली सरकार एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बनेगी, वहीं कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी अब एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी शिंदे को केवल प्रलोभन दे रही है। भाजपा ने अपने बैनर पर केवल देवेंद्र फडणवीस की बड़ी तस्वीर छापी है, जबकि एकनाथ शिंदे की तस्वीर कहीं नजर नहीं आ रही। यह साफ संकेत है कि बीजेपी ने शिंदे को किनारे लगाने का मन बना लिया है। बीजेपी अब कह रही है कि शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा, लेकिन बाद में क्या होगा, इसका कोई भरोसा नहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी का चेहरा देवेंद्र फडणवीस ही हैं और वे ही मुख्यमंत्री बनेंगे।

**बैनरों से एकनाथ शिंदे का चेहरा गायब**-नाना पटोले ने बीजेपी के बैनरों पर भी सवाल उठाया, जहां तीनों गठबंधन पार्टियों के चुनाव चिन्ह तो दिखाए गए हैं, लेकिन एकनाथ शिंदे का चेहरा गायब है। पटोले ने यह भी दावा किया कि देवेंद्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से जीत पाना मुश्किल हो सकता है, जहां वे लगातार पांच बार विधायक चुने गए हैं। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया कि उद्धव ठाकरे और शरद पवार का उद्देश्य बीजेपी को हराना है और मुख्यमंत्री का निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा।

# पूनम महाजन का चौंकाने वाला दावा, जांच के लिए शाह को लिखेंगी पत्र

## प्रमोद महाजन की हत्या एक बड़ी साजिश

मुंबई। महाराष्ट्र भाजपा की बड़ी नेता और पूर्व सांसद पूनम महाजन ने अपने पिता प्रमोद महाजन की हत्या को लेकर एक बड़ा चौंकाने वाला दावा किया है। उनका कहना है कि उनके पिता की हत्या एक बड़ी साजिश थी, जो कभी न कभी सामने आएगी।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह पिता की हत्या की जांच कराने की मांग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री और महाराष्ट्र के गृह मंत्री को पत्र लिखेंगी।

पूनम महाजन ने दावा किया कि उन्हें अपने पिता की मौत के पीछे किसी साजिश की बू आ रही है। जिस गोलीबारी के कारण उनके पिता की मौत हुई, उसके पीछे कुछ गलत मकसद हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब 2006 में यह घटना घटी थी तो वह उस हालत में नहीं थीं कि कोई संदेह जता पातीं। मगर हमेशा से पिता की मौत को लेकर मन में शंकाएं रहती थीं। अब जब उनकी पार्टी केंद्र और राज्य दोनों में सत्ता में है तो उन्होंने एक घटना को याद किया और कहा कि वह अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस दोनों को पत्र लिखकर सच्चाई का पता लगाने के लिए मामले की गहन जांच की मांग करेंगी।

अडाणी-अंबानी के बहाने मोदी सरकार पर हमला

उन्होंने बड़े लोगों की कर्ज माफी का जिक्र कर मोदी सरकार पर हमला बोला। कहा कि ये अडाणी-अंबानी की सरकार है। ये सिर्फ उनके फायदे के लिए काम करते हैं। हमारी योजना में सिर्फ गरीब लोगों की बातें होती है। देश में करीब 50 प्रतिशत ओबीसी, 15 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत आदिवासी और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। ये आबादी कुल 90 प्रतिशत है। लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। हिन्दुस्तान की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं, देश के पूरे बजट का निर्णय यही अफसर लेते हैं। अगर इसमें से एक अफसर आदिवासी वर्ग का है, तो सरकार के 100 रुपए के खर्च में वो आदिवासी अफसर 10 पैसे का निर्णय लेता है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com